journeyofsucces@gmail.com |

अखंड सौभाग्य के महापर्व करवाचौथ पर सभी माताओं और बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं

दैनिक
# जर्नी ऑफ सक्सैस

खबरें छपेंगी, छुपेंगी नहीं... जोश सच का...

HAPPY KARWA CHAUTH

वर्ष: 12 | अंक: 153 | गाजियाबाद, शुक्रवार, 10 अक्टूबर-2025 | RNI. No. UPHIN/2013/53934 | पेज-8 | मूल्य : ₹3



journeyofsucces@gmail.com |

अखंड सौभाग्य के महापर्व करवाचौथ पर सभी माताओं और बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं

दैनिक
# जर्नी ऑफ सक्सैस

खबरें छपेंगी, छुपेंगी नहीं... जोश सच का...



वर्ष: 12 | अंक: 153 | गाजियाबाद, शुक्रवार, 10 अक्टूबर-2025 | RNI. No. UPHIN/2013/53934 | पेज-8 | मूल्य : ₹3






जर्नी ऑफ सक्सैस

**To The POINT**

अशोक शर्मा (समाचार संपादक)

## बहनजी की हुंकार के बाद क्या गाजियाबाद के बसपाइयों की बढ़ेगी सक्रियता

गुरुवार को लखनऊ में हुई बसपा सुप्रीमो मायावती की रैली में आयी भीड़ ने एक बार फिर से जता दिया है कि दलित समाज के साथ-साथ अन्य सभी वर्गों के लोग भी उनके साथ हैं। इससे जो लोग बसपा को मृत पार्टी समझने लगे थे, अब इस रैली के बाद उनका यह भ्रम टूट गया है। इतना ही नहीं बहन जी रैली में आयी भीड़ से गदगद दिखीं। राजनीतिक समीक्षक इस बात का दावा करने लगे हैं कि आगामी त्रिस्तरीय चुनाव व उसके बाद विधानसभा में बसपा अपना दम दिखाने में कोई कसर बाकी नहीं रखना चाहती। इससे निश्चय ही दलित मतदाताओं पर अपनी नजर गाढ़े बैठे राजनीतिक दलों पर अपनी चुनावी रणनीति बदलने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। लेकिन इसके साथ यह देखना होगा कि गाजियाबाद की राजनीति में बसपा किस हद तक अपने आपको सक्रिय कर पाती है। स्थानीय स्तर पर सवाल उठाया जाने लगा है कि बहनजी ने लखनऊ रैली में कार्यकर्ताओं को जो संदेश दिया है, उसे गाजियाबाद के बसपाई कितनी उड़ान दे सकते हैं। बहन जी की इस सक्रियता से क्या गाजियाबाद के बसपाइयों में पहले जैसा जुनून देखने को मिलेगा और पार्टी हर स्तर से मजबूत होगी या फिर यूं ही धीमी गति से खामोश नीति वाली बसपा अपने पुराने ढर्रे पर काम करती रहेगी। दरअसल गाजियाबाद में बसपा संगठन काम करने का लंबा चौड़ा दावा करता है, लेकिन राजनीतिक जमीनी सतह पर यह कहीं दिखायी नहीं देता। बसपा की मीडिया से दूरी व आम जनता से घुलने मिलने से परहेज रखने की नीति के चलते आम लोग बसपा से दूरियां बनाकर ही रखते हैं। इससे पार्टी को लगातार नुकसान भी होता रहा है और गाजियाबाद ही नहीं बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश में बसपा हांशिये पर पहुंच गयी है। लेकिन जिस तरह से लखनऊ में कांशीराम की पुण्य तिथि पर कांशीराम स्मारक मैदान में हुई रैली में लाखों कार्यकताओं और समर्थकों की भीड़ शामिल हुई, उससे बसपा नेताओं के हौंसले व उत्साह में भारी वृद्धि हुई है। एक लंबे समय के बाद बसपा की किसी रैली में समर्थकों व कार्यकताओं की भीड़ देखने को मिली है, इससे पार्टी मुखिया मायावती में भी सत्ता में वापसी की उम्मीद जागी है और उन्होंने अपने कार्यकताओं का हौंसला बढ़ाते हुए कह भी दिया कि आने वाले विधान सभा में बसपा वापसी करते हुए अपनी सरकार बनाएगी। अब बसपा मुखिया को अपना खोया जनाधार वापस पाने की उम्मीद ने एक नया हौंसला दे दिया है। अब देखना यह होगा कि उत्तर प्रदेश में चार बार की मुख्यमंत्री रह चुकी बसपा मुखिया मायावती आगामी विधान सभा चुनाव-2027 में सत्ता वापसी के लिए किस तरह चुनावी रणनीति तैयार करती हैं। बसपा की रणनीति क्या रहेगी, यह तो आने वाले समय में ही पता चल सकेगा, लेकिन बसपा की इस रैली की आशातीत सफलता ने सपा व कांग्रेस जैसे राजनैतिक दलों की चिंता जरुर बढा दी है। ये दोनों दल पिछले लोकसभा में पीडीए के नाम पर उत्तर प्रदेश में दलित मतदाताओं को काफी हद तक अपने खेमें में करने में कामयाब रहे थे और इससे चलते इनका गठबंधन भाजपा को धूल चटाने में कामयाब रहा था। लेकिन अब जब कि बसपा पूरी मुस्तैदी के साथ विधानसभा चुनाव में उतरने का इरादा जाहिर कर चुकी है, तो इस स्थिति में इन दलों के पाले में आया दलित मतदाता छिटक सकता हैं। इसे लेकर कई दलों के नेताओं की चिंता बढ़ गयी है, वहीं पुराने बसपाइयों को अपनी किस्मत जागने की उम्मीद करने लगे हैं।

## लखनऊ रैली में उमड़ी भारी भीड़ ने बसपा में फूंकी नई जान

# मायावती के तीखे तेवरों ने बढ़ाया प्रदेश की राजनीति का तापमान

● जर्नी ऑफ सक्सैस






**गाजियाबाद।** गुरुवार को लखनऊ में कांशीराम के 19 वें परिनिर्वाण दिवस पर आयोजित बसपा रैली यूं तो उन्हें श्रद्धांजलि देना का मंच था, लेकिन जिस तरह से बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने पुराने तेवरों में दिखीं और उनका भाषण पूरी तरह से राजनीतिक रहा, उससे साफ है कि यह तरह से बसपा का राजनीतिक घोषणा-पत्र ही था। उन्होंने सपा व कांग्रेस पर कई तरह के आरोप लगाकर इन दलों को निशाना बनाया, इससे प्रदेश की राजनीति में हलचल होना स्वाभाविक है।

लखनऊ रैली में उमड़ी भारी भीड़ ने बसपा में नई जान फूंक दी है। इसके साथ ही जिस तरह से मायावती का अपने भाषण में सत्तारुढ़ दल भाजपा के प्रति नरम रुख रहा और उन्होने भाजपा की आंशिक प्रशंसा भी की, उसके राजनीतिक विश्लेषक कई तरह के मायने निकालने लगे हैं।

उधर मायावती के तीखे तेवरों ने प्रदेश की राजनीति का तापमान बढ़ाया दिया है। अब तक सपा खुद को ही सक्रिय मुख्य विपक्षी दल मानकर बैठी थी, अब बसपा सपा को सीधी चुनौती देने के मूड़ में दिख रही है। आने वाले समय में प्रदेश की राजनीति में व्यापक तौर पर बदलाव देखने को मिलने की उम्मीद जताई जाने लगी है। बसपा मुखिया मायावती ने अपने भाषण में अपने पुराने वोट बैंक विशेषकर जाटव, पासी और वाल्मीकि समुदाय को यह साफ संदेश दिया कि उनका हित केवल बसपा ही कर सकती है। मायावती काफी हद तक अपनी बात इन वर्गो तक पहुंचाने में कामयाब भी रहीं हैं। इससे सपा व कांग्रेस खेमे में बेचैनी पैदा होना तय है, क्योंकि अब तक इन दलों से शीर्ष नेता यह मान रहे थे कि आगामी चुनाव में बसपा जोर शोर से चुनाव नहीं लड़ेगी और लोकसभा चुनाव की तरह वे आगामी विधानसभा चुनाव में भी दलितों का समर्थन पाकर बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। लेकिन मायावती के तेवरों से साफ हो गया है कि बसपा आगामी चुनाव पूरी ताकत व जोश के साथ लड़ेगी।

**बसपा की रैली**

- **बसपा की रैली में सुप्रीमो मायावती के निशाने पर रही सपा व कांग्रेस**
- **भाजपा की आंशिक सराहना से मायने तलाशने में लगे राजनीतिक विश्लेषक**
- **मायावती ने पुराने वोट बैंक जाटव, पासी और वाल्मीकि समुदाय को लुभाया**

मायावती की सक्रियता से दलित व मुस्लिम वर्गो का राजनीतिक तौर पर बिखराव होने की पूरी संभावना है। मायावती ने सपा के दलित प्रेम को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि जब वह सत्ता में होती है तो दलित महापुरुषों की उपेक्षा करती है और सत्ता से बाहरउनके नाम पर संगोष्ठियाँ और श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित करती है। यह सपा को दोगला चरित्र है। मायावती ने सपा के पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) नारे को राजनीतिक पाखंड बताते हुए इसे केवल वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करना करार दिया। उन्होंने कांग्रेस को भी आड़े हाथों लिया। मायावती ने कहा कि बाबा साहब आंबेडकर के प्रति कांग्रेस की ऐतिहासिक उपेक्षा किसे याद नहीं। कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में न तो उन्हें लोकसभा भेजा, न ही जीवनकाल में भारत रत्न दिया। इस तरह से उन्होंने कांग्रेस को दलित विरोधी ठहराने का प्रयास किया। मायावती की भाजपा सरकार की सराहना करना चर्चा का विषय रहा।

उन्होंने कहा कि बसपा प्रदेश की योगी सरकार की आभारी है, क्योंकि इस सरकार ने इस स्थल को देखने वाले लोगों के टिकटों का एकत्र हुआ पैसा पूर्व की सपा सरकार की तरह दबा कर नहीं रखा है बल्कि पार्टी के आग्रह पर भाजपा सरकार ने इस स्मारक की मरम्मत करने पर पूरा खर्च किया है। मायावती ने जिस तरह भाजपा से राजनीतिक तौर पर संतुलन बनाये रखने रखा, उसे भाजपा के लिए फायदेमंद माना जा रहा है। चर्चा है कि यदि बसपा वर्ष विधानसभा चनाव-2027 में तीसरा मोर्चा बनकर मजबूती के साथ चुनाव में आयी,तो इससे विपक्षी दलों के वोटों को बंटवारा होगा और इसका भाजपा को सीधा राजनीतिक फायदा मिल सकेगा।

## आईजीआरएस पर शून्य फीडबैक मिलने वाले अधिकारियों का वेतन रोका

● जर्नी ऑफ सक्सैस

**गाजियाबाद।** आईजीआरएस पोर्टल से अधिकारीवार प्राप्त फीडबैक 1 सितम्बर से 30 सितम्बर तक 35 विभागों/कार्यालयों के अधिकारियों के सन्तुष्ट फीडबैक का प्रतिशत 0/शून्य प्रदर्शित हुआ। जिसके चलते जिलाधिकारी महोदय ने मासिकी वेतन आहरित ना करने हेतु मुख्यकोषाधिकारी को निर्देशित किया। जनसुनवाई प्रणाली (आईजीआरएस) पर जन शिकायतों के निस्तारण सम्बन्धी शासनादेश 17 फरवरी 2020 में वर्णित व्यवस्था के अन्तर्गत मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा संदर्भों की गुणवत्ता के परीक्षण का कार्य किया जा रहा है किन्तु उक्त अधिकारियों द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर गुणवत्तापूर्वक निस्तारण न किये जाने के कारण इन अधिकारियों के संतुष्ट फीडबैक का प्रतिशत पोर्टल पर शून्य प्रदर्शित हो रहा है। इससे जनपद की आईजीआरएस रैंकिग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की सम्भावना है। यह अत्यन्त ही खेदजनक है कि सम्बन्धित अधिकारी की लापरवाही / उदासीनता के कारण जनपद की छवि शासन के समक्ष धूमिल हो। संदर्भों के ससमय गुणवत्तापूर्वक निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को पूर्व में बैठकों एवं पत्रों के माध्यम से निर्देशित किया जाता रहा है किन्तु इनके द्वारा सम्भवतः आईजीआरएस संदर्भों के गुणवत्तापूर्वक निस्तारण में कोई विशेष रूचि नहीं ली जा रही है, जिसके परिणामस्वरूप इनके कार्यालय के संदर्भों के संतुष्टि का प्रतिशत पोर्टल पर शून्य (0) प्रदर्शित हो रहा है। इन अधिकारियों का इस प्रकार का कृत्य शासकीय कार्यों के प्रति स्वस्थ्य परम्परा नहीं है। अतः उन 35 अधिकारियों द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों के गुणवत्तापूर्वक निस्तारण न करने के फलस्वरूप संतुष्ट फीडबैक का प्रतिशत शून्य (0) होने के कारण उक्त अधिकारियों के मासिक वेतन आहरण पर अग्रिम आदेश तक रोक लगा दी गयी है। डीएम रविंद्र कुमार मांदड ने कहा कि इन अधिकारियों द्वारा जब तक अपने आईजीआरएस संदर्भों के निस्तारण में सुधार नहीं किया जाता और संतुष्ट फीडबैक प्रतिशत में सुधार नहीं होता तब इनका वेतन नहीं निकाला जाएगा।

**डीएम के निर्देश**

- **संबंधित अधिकारियों को नहीं किया जायेगा मासिक वेतन जारीः डीएम**



## नव-निर्मित भोजनालय भवन व मुख्य द्वार का पुलिस आयुक्त ने किया लोकार्पण







● जर्नी ऑफ सक्सैस

**गाजियाबाद।** पुलिस आयुक्त ने पुलिस कर्मियों आधारभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए और कार्य करने के लिए बेहतर वातावरण एवं सुविधाएं मिलने के चलते मसूरी थाने पर नवनिर्मित भोजनालय भवन व मुख्य द्वार का बुधवार को लोकार्पण किया। इस दौरान पुलिस आयुक्त ने मसूरी थाने का भ्रमण भी किया। भ्रमण के दौरान सीपी ने अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये।

पुलिस आयुक्त जे. रविंद्र गौड़ ने बुधवार को पुलिसकर्मियों के लिए कार्य करने हेतु बेहतर वातावरण एवं सुविधाएं सुनिश्चित करने की दिशा में थाना मसूरी पर नवनिर्मित भोजनालय भवन एवं मुख्य द्वार का विधिवत लोकार्पण किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय व अपराध, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था यातायात, पुलिस उपायुक्त नगर जोन, पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिण्डन जोन, पुलिस उपायुक्त ग्रामीण जोन एवं कमिश्नरेट के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इस मौके पर पुलिस आयुक्त ने कहा कि थाना परिसर में नवनिर्मित भोजनालय भवन के निर्माण से पुलिसकर्मियों को स्वच्छ, पौष्टिक एवं सुविधाजनक भोजन की व्यवस्था प्राप्त होगी, जिसमें स्वच्छ एवं आधुनिक रसोई व्यवस्था, पौष्टिक एवं संतुलित भोजन की उपलब्धता, बैठने की सुविधाजनक व्यवस्था एवं हाइजीन एवं सुरक्षा मानकों का पालन प्रमुख है। मुख्य द्वार का निर्माण थाना परिसर की सुरक्षा, गरिमा एवं सौंदर्य में वृद्धि करेगा। बेहतर आधारभूत संरचना, आधुनिकता एवं सुव्यवस्थित कार्यप्रणाली से पुलिसकर्मियों को कार्य करने के लिए बेहतर वातावरण प्राप्त होता है। जिससे पुलिसकर्मियों के मनोबल एवं कार्य करने की दक्षता में वृद्धि होती है। इस प्रकार से वे जनसेवा के अपने कर्तव्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से निभा सकते हैं। कमिश्नरेट गाजियाबाद में पुलिस बल के लिए आधुनिकता, सुव्यवस्थित कार्यप्रणाली एवं सकारात्मक वातावरण सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

## अवैध संबंधों में बाधक बनने पर हुई थी आसिफ की हत्या

# पत्नी व प्रेमी समेत पांच आरोपी गिरफ्तार, तीन अभी फरार

● जर्नी ऑफ सक्सैस

**गाजियाबाद।** मसूरी थाना क्षेत्र में दो दिन पूर्व रात के समय गोली मारकर की गई आसिफ की हत्या का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार अवैध संबंधों में बाधक बनने पर पत्नी ने ही प्रेमी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिलाया था। पुलिस ने पत्नी व उसके प्रेमी समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि तीन आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। आरोपियों के पास से पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त तीन तमंचे और कारतूस बरामद किए हैं।

ज्ञात हो कि 7 अक्तूबर को कुछ लोगों ने डासना निवासी आसिफ की उसवक्त गोलियों से भूनकर हत्या कर दी थी, जब वह अपनी दूसरी पत्नी जूही से मिलने जा रहा था। इस मामले में आसिफ के भाई भूरे उर्फ अनवर ने डासना निवासी रिहान, बिलाल और फरमान को नामजद करते हुए 2-3 अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कराया था। केस का खुलासा करने के लिए मसूरी थाने से विशेष टीम गठित की गई थी। टीम द्वारा की गई जांच-पड़ताल में जीशान, उवैश, गुलफाम और आसिफ की पत्नी अर्शी के नाम भी प्रकाश में आए थे। साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने डासना निवासी रिहान, बिलाल, जीशान व अर्शी और हापुड़ निवासी उवैश को गिरफ्तार कर लिया गया। जबकि गुलफाम और दानिश और फरमान अभी फरार हैं। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी टीम द्वारा लगातार दबिश दी जा रही है। एसीपी मसूरी लिपी नगायच ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से वारदात में प्रयुक्त तीन तमंचे व कारतूस बरामद किये हैं।

**अवैध संबंध**

- **जेल जाने के दौरान पति के दोस्त से बन गए थे संबंध**



### आसिफ के जेल जाने पर दोस्त से बन गए थे पत्नी के संबंध

एसीपी मसूरी लिपि नगायच की मानें तो पूछताछ में मुख्य आरोपी रिहान ने बताया कि वह डासना के वार्ड नं.-33 स्थित पुरानी पैंठ में चिकन की दुकान चलाता है। मृतक आसिफ उर्फ गुल्लू पूर्व में उसके ही मोहल्ले में रहता था, जिसके चलते करीब तीन वर्ष से उसकी आसिफ से दोस्ती थी। आसिफ पर भी पूर्व के कई आपराधिक केस दर्ज हैं। वर्ष 2024 में वह एक मामले में जेल चला गया था। आसिफ के जेल चले जाने के दौरान रिहान का उसके घर आना-जाना बढ़ गया और वह अर्शी के नजदीक आ गया।

### अर्शी ने रिहान को दी थी आसिफ के घर से निकलने की सूचना

पुलिस का कहना है कि आसिफ अपनी दोनों पत्नियों अर्शी और जूही को अलग-अलग रखता था। बताते हैं कि आसिफ रोजाना शाम के वक्त जूही से मिलने जाता था। इस बात की जानकारी अर्शी ने रिहान को दे दी थी, जिसके आधार पर रिहान ने अपने साथी बिलाल को आसिफ के घर के पास लगा दिया और वह खुद अन्य साथियों के साथ रफीकाबाद रेलवे फाटक पर घात लगाकर बैठ गया।

### रंगे हाथ पकड़ने पर खौल गया था आसिफ का खून

एसीपी की मानें तो पत्नी अर्शी और दोस्त रिहान के अवैध संबंधों की जानकारी आसिफ को हो गई थी। आसिफ की गैर मौजूदगी में रिहान उसके घर जाता था। रिहान ने बताया कि एक बार आसिफ ने अर्शी के साथ उसे रंगेहाथ पकड़ लिया था, जिसके बाद आसिफ और रिहान के बीच जमकर कहासुनी हुई और आसिफ ने पत्नी अर्शी के साथ भी बवाल किया था। बताते हैं कि पत्नी के अवैध संबंध उजागर होने के बाद आसिफ ने पत्नी का मोबाइल छीनकर अपने पास रख लिया था। इससे तंग आकर अर्शी और रिहान ने मिलकर आसिफ को रास्ते से हटाने का प्लान तैयार कर लिया था।

#### नींद की गोलियां खिलाने में नाकाम होने पर बनाया हत्या का प्लान

पुलिस की मानें तो आरोपी रिहान ने बताया कि योजना के तहत उसने करीब एक माह पूर्व अर्शी को नींद की गोलियां लाकर दी थीं। उनका प्लान आसिफ को नींद की गोलियां खिलाकर मारने का था, लेकिन किन्हीं कारणवश अर्शी अपने पति को नींद की गोलियां नहीं खिला सकी। यह साजिश नाकाम होने पर रिहान ने 20 दिन पूर्व अपने साथियों बिलाल, जीशान, उवैश, गुलफाम और दानिश के साथ मिलकर आसिफ की हत्या का प्लान तैयार किया और बिलाल को आसिफ की मुखबिरी पर लगा दिया।

## इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन की टीम पहुंची मकनपुर के प्राथमिक विद्यालय का हाल जानने

# जर्जर हालत में प्राथमिक विद्यालय, बच्चे धर्मशाला में पढ़ने को मजबूर

● जर्नी ऑफ सक्सैस



**गाजियाबाद।** इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन ने आज गाजियाबाद के मकनपुर गांव में बने प्राथमिक विद्यालय की स्थिति का जायजा लिया तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आए कमरों की खस्ता हालत और स्कूल की दीवारों पर बने छज्जों से सीमेंट के प्लास्टर को चीर कर सरियों का बाहर निकलना प्राथमिक विद्यालय, मकनपुर की जर्जर हालत को बया कर सरकार और जिले के शिक्षा अधिकारियों से मरम्मत की गुहार लगाता हुआ दिखाई पड़ रहा था। वहीं बच्चो की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्राथमिक विद्यालय के मुख्य गेट पर लंबे समय से लटके हुए ताले के कारण धर्मशाला में कामचलाउ स्थिति में पढ़ने को मजबूर बच्चे शिक्षाधिकारियों और सरकार की सरकारी स्कूलों की अनदेखी की पोल खोल रहे थे। इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा त्यागी और महासचिव महिपाल रावत ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय मकनपुर की स्थिति को देखने पर पता चला कि स्कूल में शिक्षक और बच्चे दोनों है लेकिन स्कूल की बिल्डिंग जर्जर होने के कारण स्कूल के गेट पर ताला लग गया है और अब स्कूल के बच्चे धर्मशाला में पढ़ने को मजबूर है। जब हमने स्कूल की मरम्मत नहीं होने के कारण की जांच पड़ताल की तो समाने आया कि स्कूल की मरम्मत कराने के लिए फंड की व्यवस्था ही नहीं है जो सोचने को विवश करता है कि जिस सरकार के पास प्रदेश में सभी तरह की योजनाओं को गति देने के लिए प्रयाप्त मात्रा में फंड मौजूद है। जो सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देती है क्या उस सरकार के पास प्रदेश की शिक्षा की रीढ़ कहे जाने वाले सरकारी स्कूलों का जीर्णोद्धार करने के लिए फंड नहीं है हमारे देश के प्रधानमंत्री जी का सपना है कि हमारा देश 2047 तक विकसित राष्ट्र बने। लेकिन क्या हम सरकारी स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत किया बिना विकसित राष्ट्र बनने की कल्पना कर सकते है। इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनय कक्कड़ और राष्ट्रीय उपसचिव सुमित त्यागी का कहना है एक तरफ हम 2047 तक विकसित भारत बनने की तरफ कदम आगे बढ़ा रहे है और दूसरी तरफ सरकारी प्राथमिक विद्यालय यानी जर्जर हालत में बंद पड़े शिक्षा के मंदिर के कारण सुविधाओं के अभाव में धर्मशाला में बच्चो का पढ़ना दुर्भाग्यपूर्ण है आईपीए के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नीरज गहलोत और दीपांशु मित्तल का कहना है कि की आप कल्पना करे कि आने वाला समय शादी विवाह का है और जब धर्मशाला में विवाह के कार्यक्रम आयोजित होंगे तो बच्चो की पढ़ाई निश्चित तौर पर बाधित होगी। ये कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि इन बच्चो की पढ़ाई बाधित करना शिक्षा के अधिकार से वंचित करने जैसा है आईपीए प्रदेश के मुख्यमंत्री ,जिला प्रशासन और बेसिक शिक्षा अधिकारी से अपील करती है बच्चो की शिक्षा से जुड़े इस अत्यंत महत्वपूर्ण विषय का संज्ञान लेकर अतिशीघ्र स्कूल का जीर्णोद्धार करा बच्चो को पुनः स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर प्रदान करे।

# युवक कांग्रेस ने निकाली 'आई लव अम्बेडकर' पद यात्रा







● जर्नी ऑफ सक्सैस

**गाजियाबाद।** रायबरेली में हुई दलित की हत्या के विरोध में गुरुवार को युवक कांग्रेस के कार्यकताओं ने जिला अध्यक्ष आसिफ सैफी के नेतृत्व में आई लव अम्बेडकर पद यात्रा निकाली। यह पदयात्रा युवक कांग्रेस कार्यालय से प्रारंभ होकर नवयुग मार्केट स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर जाकर समाप्त हुई। युवा कांग्रेस ने दलित परिवार को न्याय दिलाने की मांग करते हुए योगी सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। जिला अध्यक्ष आसिफ सैफी ने कहा कि राज्य में लगातार दलितों की हत्याएँ और मुस्लिमों पर अत्याचार हो रहे हैं। यह लोकतंत्र और मानवता दोनों के लिए शर्मनाक है।

आई लव अम्बेडकर पद यात्रा में अल्पसंख्यक कांग्रेस जिलाध्यक्ष सलीम अहमद (सैफी), प्रदेश सचिव इमरान मलिक, जिला उपाध्यक्ष उज्जवल गर्ग, जिला प्रवक्ता हुमायूं मिर्जा, जिला उपाध्यक्ष अक्षय शर्मा, जिला उपाध्यक्ष हर्ष प्रेमी, पूर्व महानगर महासचिव विक्रांत चौधरी, मोईन, शदाम, जिला उपाध्यक्ष दीपक भाटी, ब्लॉक अध्यक्ष विक्रांत चौधरी आदि ने भाग लिया।

## Brief News

### जमीन पर कब्जा कर किसी और के नाम रजिस्ट्री करने का आरोप

**गाजियाबाद (जर्नी ऑफ सक्सैस)।** विजयनगर थाना क्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति ने कुछ लोगों के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर नंदग्राम थाने में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि उपरोक्त लोगों ने साजिश के तहत जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन किसी और के नाम कर दी। कृष्णानगर बागू विजयनगर निवासी प्रहलाद सिंह ने सिहानी गेट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए योगेंद्र पाल, देवेंद्र, राजेश व मुकेश को आरोपी बनाया है। आरोप है कि उपरोक्त लोगों ने उसकी नंदग्राम क्षेत्र में स्थित जमीन के फर्जी कागजात तैयार कराए और जमीन को किसी अन्य के नाम कर दिया। उपरोक्त लोग 15 जुलाई 2025 को उसके उसकी संपत्ति पर आए और धमकी देते हुए अवैध रूप से कब्जा कर लिया। पीड़ित ने नंदग्राम थाने के अलावा पुलिस आयुक्त से भी मामले की शिकायत की, लेकिन सुनवाई नहीं होने पर कोर्ट की शरण ली। नंदग्राम पुलिस का कहना है कि कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### गाडी की किस्त टूटने पर पिता पुत्र पर किया हमला

**गाजियाबाद (जर्नी ऑफ सक्सैस)।** किस्त टूटने पर गाड़ी ले जा रहे पिता-पुत्र पर दो गाडियों में सवार लोगों ने हमला बोल दिया। हमलावरों ने दोनों को पीट पीटकर गंभीर रुप से घायल कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। दिल्ली के वजीराबाद निवासी राजू बैंसला का कहना है कि वह टीला मोड थानाक्षेत्र से वैगनआर गाड़ी उठकार लाए थे। उनके सथी उनका बेटा अंशुल भी था। उक्त गाड़ी की किस्त टूटी हुई थी। राजू का कहना है कि वह गाड़ी लेकर कुछ दूर ही चले थे कि पीछे से हेक्टर और ब्रेजा कार में सवार होकर आए आधा दर्जन से ज्यादा युवकों ने जबरन गाड़ी रूकवा ली। इसके बाद उक्त लोगों ने दोनों पर लाठी डंडे और रॉड से हमला कर गंभीर रुप से घायल कर दिया और धमकी देते हुए फरार हो गए। इसके बाद दोनों किसी तरह थाना लोनी बार्डर पहुंचे। पुलिस ने दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से राजू को गंभीर हालत में जीटीबी दिल्ली रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद (जर्नी ऑफ सक्सैस)।** बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के बाद किशोरी के साथ शारीरिक संबंध बनाने के आरोपी को मसूरी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी से घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है। 17 वर्षीय किशोरी के घर से बिना बताए कहीं चले जाने के मामले में उसके परिजनों ने मसूरी थाने में केस दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस ने जांच कर किशोरी को बरामद किया तो जांच में उसके साथ दुष्कर्म होने की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस ने मामले में दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी कर आरोपी को गिरफ्तार किया। एसीपी मसूरी लिपि नगायच ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी बागपत के खेकड़ा निवासी प्रिंस है। हाल में वह मसूरी के भूड़गढ़ी में रहता है। पूछताछ में उसने बताया कि तीन महीने पहले उसकी दोस्ती किशोरी से हुई थी। फोन पर दोनों बातचीत करने लगे। इसी बीच मौका पाकर वह उसे अपने साथ ले गया और शारीरिक संबंध बनाए।

### ट्रांसफार्मर में लगा कीमती सामान चोरी

**गाजियाबाद (जर्नी ऑफ सक्सैस)।** मसूरी क्षेत्र की ग्रीन सिटी-2 में लगे ट्रांसफॉर्मर का कीमती सामान चोरों ने चोरी होने का मामला संज्ञान में आया है। पास में ही रहने वाले जफर आलम की तरफ से मसूरी थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। जफर आलम ने पुलिस को बताया कि वह कॉलोनी में ही रहते हैं। कॉलोनी वासियों ने मिलकर बिजली विभाग से मिलकर 250 केवीए का ट्रांसफॉर्मर लगवाया था। 19 सितंबर की रात चोरों ने ट्रांसफॉर्मर के अंदर का कीमती सामान चोरी लिया और खोखा वहीं फेंक गए। मसूरी पुलिस का कहना है कि शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और चोरों की तलाश कराई जा रही है।

### दरवाजा नहीं खोलने पर बिजली मीटर व कैमरे तोड़े

**गाजियाबाद (जर्नी ऑफ सक्सैस)।** सिहानीगेट थाना क्षेत्र स्थित राकेश मार्ग पर रहने वाली महिला के द्वारा गेट नहीं खोलने पर कुछ लोगों द्वारा बिजली मीटर व कैमरे तोड़ने का मामला प्रकाश में आया है। महिला ने पुलिस से शिकायत की है।

राकेश मार्ग नेहरूनगर निवासी रचना मेहता ने सिहानीगेट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि उनके घर के बाहर आकर दो लोगों ने लगातार घंटी बजाई और दरवाजा खटखटाया। इसके बाद आरोपियों ने उन्हें मारने की धमकी दी। आरोप है कि दरवाजा नहीं खोलने पर आरोपियों ने बिजली का मीटर और कैमरे तोड़ दिए। आरोप है कि पड़ोसी शान सेठी के कहने पर आरोपियों ने हमले का प्रयास किया और धमकी दी। पुलिस का कहना है कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### 14-15 अक्टूबर को होगा दो दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन

**गाजियाबाद (जर्नी ऑफ सक्सैस)।** जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने अवगत कराया कि युवाओं / युवतियों को रोजगार / स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाना तथा हर हाथ को काम सरकार की प्राथमिकताओं में है। सरकार के संकल्प पत्र में युवाओं को रोजगार पर विशेष बल दिया गया है। उक्त के क्रम में श्रम एवं सेवायोजन की ओर से ४रोजगार महाकुम्भ 2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह दो दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 14 अक्टूबर से 15 अक्टूबर को जनपद गोरखपुर स्थित मदन मोहन मालवीय प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर में किया जा रहा है। इसमें संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और ओमान की कम्पनियों में चयन के अवसर मिलेंगे। इस रोजगार महाकुम्भ मेलें में कुल दस हजार छः सौ पछपन पदों पर बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। बेरोजगार अभ्यर्थियों को निम्न पदों पर नियुक्त किया जायेगा। (कंस्ट्रक्शन वर्कर, सुपरवाईजर रिंगिग, मोबाइल पम्प आपरेटर, ट्रांजिट मिक्सर ड्राईवर, फोरमैन सिविल, हैवी ट्रक ड्राईवर, बस चालक आदि)। उक्त पदों पर चयनित उम्मीदवारों को चौबीस हजार से एक लाख बीस हजार रुपए तक मासिक वेतन मिलेगा। चयनित अभ्यर्थियों को नि:शुल्क आवास एवं भोजन सुविधा नियोक्ता द्वारा दी जायेगी।

# सुंदरदीप ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में 'साइबर सिक्योरिटी विद एआई' पर कार्यशाला






● जर्नी ऑफ सक्सैस

**गाजियाबाद।** सुंदरदीप ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में 'साइबर सिक्योरिटी विद एआई' पर एक इंटरैक्टिव कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस सत्र का संचालन साइबर सिक्योरिटी एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विशेषज्ञ शिवम सैनी द्वारा किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को साइबर सिक्योरिटी की मूलभूत अवधारणाओं का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना, एआई-संचालित सिक्योरिटी टूल्स का प्रत्यक्ष प्रदर्शन कराना तथा वास्तविक जीवन के परिदृश्यों पर आधारित डेमो के माध्यम से उन्हें व्यावहारिक ज्ञान से समृद्ध करना रहा। इस कार्यशाला का आयोजन सुंदर दीप इंजीनियरिंग कॉलेज की निदेशक प्रो. (डॉ.) मोनिका सेंगर, कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन विभाग की ल्डऊ सुश्री योगिता कौशिक, और कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग की HOD सुश्री वंदना शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभी संबंधित फैकल्टी सदस्य भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सुंदरदीप एजुकेशनल सोसाइटी के चेयरमैन एवं यूनिवर्सिटी के चांसलर महेन्द्र अग्रवाल ने शुभकामनाएँ दीं। इसके अतिरिक्त एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के उपकुलाधिपति श्री नितिन अग्रवाल और सुन्दर दीप एजुकेशनल सोसायटी के उपाध्यक्ष श्री अखिल अग्रवाल ने भी कार्यशाला की सफलता और छात्रों की तत्परता पर खुशी व्यक्त की। इस अवसर पर अपने संदेश में कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार ने साइबर सिक्योरिटी और एआई की जुगलबंदी को भविष्य की आवश्यकता बताते हुए इस कार्यशाला के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की। प्रो-वाईस चांसलर पीयूष श्रीवास्तव ने भी कार्यशाला के उद्देश्यों और इसके सफल आयोजन पर पूरी टीम को बधाई दी। यह पहल विद्यार्थियों को उभरती हुई तकनीकों में कौशल विकसित करने में सहायक सिद्ध हुई और उन्हें एक ज्ञानवर्धक, रोचक एवं संवादात्मक अनुभव प्राप्त हुआ।

# धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में जेल में बंद विनोद कुंजमोहन व प्रेम चंद्र की जमानत मंजूर



● जर्नी ऑफ सक्सैस

**गाजियाबाद।** महानगर में हिन्दू रक्षादल द्वारा धर्म परिवर्तन के आरोप लगाए जाने के बाद जेल भेजे गए विनोद कुंजमोहन व प्रेम चंद्र की जमानत हाई कोर्ट ने मंजूर कर ली है। अधिवक्ता अलीम अल्वी ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि बीती 15 जून को थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पर हिन्दू रक्षा दल के महानगर प्रबल गुप्ता द्वारा विजय नगर में धर्म परिवर्तन के आरोप में पास्टर विनोद कुंजमोहन व प्रेम चंद्र के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कराया गया था। थाना विजय नगर द्वारा दोनों अभियुक्तगणों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके बाद जनपद न्यायालय गाजियाबाद द्वारा अभियुक्तगणों की जमाना 14 जुलाई को निरस्त कर दी गई थी। अभियुक्तगणों के अधिवक्ता अलीम अलवी ने बताया कि बीती 10 सितंबर को अभियुक्तगणों की जमानत उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा स्वीकार की जा चुकी है।

जमानत होने के बाद 9 अक्टूबर को प्रेम चंद्र जेल से रिहा हो चुके है। जबकि विनोद कुंजमोहन बीती 19 सितंबर को ही जिला कारागार डसना से रिहा हो गया था।

# पक्का बिल नहीं देने की शिकायत पर जान से मारने की धमकी

● जर्नी ऑफ सक्सैस




**गाजियाबाद।** संजयनगर सेक्टर 23 निवासी व्यक्ति ने दो लोगों के खिलाफ नंदग्राम थाने में शिकायत की है। आरोप है कि स्कूटी सर्विस का पक्का बिल नहीं देने की शिकायत आईजीआरएस पोर्टल पर करने के चलते रास्ते में रोककर हमले का प्रयास किया और जान से मारने की धमकी दी। सूरजमल एंक्लेव निवासी तनुज चौधरी ने आकाश सहलौत व संदीप सहलौत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। तनुज चौधरी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि उसने सहलौत बाइक एजेंसी पर आठ सितंबर को स्कूटी की सर्विस कराई थी। इस दौरान पक्का बिल मांगने पर आरोपी ने गाली-गलौच कर दी और फिर वह ऑनलाईन पेमेंट कर स्कूटी लेकर चले गए। इस मामले की शिकायत उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल पर की तो उन्हें एक अंजान नंबर से शिकायत वापस लेने के लिए धमकी दी गई। आरोप है कि उपरोक्त लोगों ने उसे नंगला फिरोजपुर मोहनपुर से वापस लौटते समय रोक लिया और गाडी से बाहर खींचने का प्रयास किया। भीड एकत्र होने पर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। नंदग्राम पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## फ्लैटों पर जबरन कब्जा करने का आरोप

**गाजियाबाद (जर्नी ऑफ सक्सैस)।** दिल्ली निवासी महिला ने दंपत्ति के खिलाफ पुलिस से शिकायत की है। आरोप है कि उसके दो फ्लैटों पर जबरन कब्जा कर लिया। शुरू में आरोपी उन्हें किराया दे रहे थे, लेकिन अब डेढ साल से किराया देना भी बंद कर दिया। दिल्ली के भगीरथी विहार निवासी नीलम का कहना है कि उनके पति नवीन कुमार ने खुर्शीद आलम निवासी अंबेडकर कालोनी टीला मोड के माध्यम से दो फ्लैट खरीदे थे। खुर्शीद आलम ने दोनों फ्लैट में काम भी किया था। नीलम का कहना है कि खुर्शीद आलम ने धोखाधड़ी करते हुए दोनों फ्लैट अपने परिचित अभिषेक पचौरी निवासी विश्वनाथ कालोनी खोडा को किराए पर दे दिए। महिला का कहना है कि कुछ दिन तक तो अभिषेक ने उन्हे किराया दिया, लेकिन डेढ साल से वह किराया नहीं दे रहा है। नीलम के अनुसार उन्होंने फ्लैट खाली करने के लिए कहा तो अभिषेक और उसकी पत्नी शशि पचौरी ने उन्हें धमकी दी।

# झांसी में सीएम योगी ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के लाभार्थियों को दिए चेक

● जर्नी ऑफ सक्सैस



**झांसी।** जनपद के दौरे पर पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कन्वेंशन सेंटर में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के लाभार्थियों को योजना के चेक प्रदान किए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत टूलकिट का वितरण किया। सीएम ने इस अवसर पर लाभार्थियों को प्रोत्साहित किया। इसी के साथ सीएम योगी आदित्यनाथ ने नव निर्मित कन्वेंशन सेंटर का भी लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत हृदयेश पाल को आइसक्रीम विनिर्माण के लिए, संतोष कुमार को टेंट हाउस के लिए, प्रतीक को फोटो फ्रेमिंग और पूजन सामग्री निर्माण के लिए, पवन गौहर को डीजे साउंड सिस्टम के लिए, रीना सोनी को ब्यूटी पार्लर के लिए और रोहित कुशवाहा को फ्लावर डेकोरेशन का काम शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने हाथों से चेक प्रदान किए।

इसके अलावा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लाभार्थियों को सीएम ने टूल किट प्रदान किया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने खुशबू साहू, आशा देवी, ज्योति, मोनू श्रीवास, समित कुशवाहा और सोनिया कुशवाहा को योजना के अंतर्गत लाभार्थियों के व्यवसाय से संबंधित टूल किट प्रदान किया। इस मौके पर स्थानीय जन प्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा विभागीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

## मेरठ रेंज पुलिस के २४ घंटे के विशेष अभियान में बड़ी सफलता

# 729 मोबाइल फोन बरामद, 1.49 करोड़ रुपये की कीमत के फोन मालिकों को लौटाये







● जर्नी ऑफ सक्सैस

**मेरठ।** पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र श्री कलानिधि नैथानी के दिशा-निर्देशन में दिनांक 08 अक्टूबर 2025 को रेंज पुलिस ने उएक्फ्रपोर्टल और अन्य शिकायतों के आधार पर गुम/खोए हुए मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु 24 घंटे का विशेष अभियान चलाया।

इस अभियान में मेरठ परिक्षेत्र के विभिन्न जनपदों से कुल 729 मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनकी अनुमानित कुल कीमत लगभग 1 करोड़ 49 लाख रुपये बताई गई है। बरामद मोबाइल फोन तुरंत उनके वास्तविक मालिकों को सुपुर्द कर दिए गए।

अभियान के दौरान पुलिस टीम ने तेजी और समन्वय के साथ काम किया, जिससे उपभोक्ताओं में राहत की भावना और पुलिस पर विश्वास बढ़ा। पुलिस उपमहानिरीक्षक कलानिधि नैथानी ने कहा कि ह्लगुम और चोरी हुए मोबाइल फोन की बरामदगी से उपभोक्ताओं को सुरक्षा और न्याय की भावना मिलती है। 24 घंटे के इस विशेष अभियान में हमारी टीम ने पूरी तत्परता और समन्वय के साथ कार्य किया। ऐसे अभियान न सिर्फ अपराधियों के खिलाफ संदेश देते हैं, बल्कि आम जनता के विश्वास को भी मजबूत करते हैं।उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस ऐसे अभियान नियमित रूप से चलाती रहेगी और मोबाइल चोरी या खो जाने की घटनाओं में शीघ्र और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करेगी।

### जनपदवार मोबाइल फोन बरामदगी का विवरण

- मेरठ : 217 मोबाइल फोन बरामद, अनुमानित कीमत लगभग 38 लाख रुपये
- बुलन्दशहर : 280 मोबाइल फोन बरामद, अनुमानित कीमत लगभग 60 लाख रुपये
- बागपत : 14 मोबाइल फोन बरामद, अनुमानित कीमत लगभग 3 लाख रुपये
- हापुड़ : 218 मोबाइल फोन बरामद, अनुमानित कीमत लगभग 48 लाख रुपये

### उपभोक्ताओं के लिए पुलिस की अपील

पुलिस ने आम जनता से आग्रह किया है कि यदि कोई मोबाइल खो जाए या चोरी हो जाए तो तुरंत उएक्फ्र पोर्टल या नजदीकी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराएं। यह कदम पुलिस को फोन की शीघ्र बरामदगी में मदद करेगा और उपभोक्ताओं को उनके मोबाइल सुरक्षित रूप से वापस मिलेगा। बरामद मोबाइल में विभिन्न कंपनियों के ब्रांड शामिल थे और इनमें से अधिकांश फोन अपने मालिकों के लिए अत्यंत आवश्यक थे। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने तकनीकी और फील्ड कार्य में बेहतर समन्वय स्थापित किया, जिससे बिना किसी अवरोध के सभी फोन बरामद किए जा सके।

दैनिक
# जर्नी ऑफ सक्सैस
गाजियाबाद, शुक्रवार, 10 अक्टूबर-2025
03 journeyofsucces@gmail.com गाजियाबाद से प्रकाशित... जोश सच का...




### डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों के साथ नगर आयुक्त पहुंचे जनता के द्वार

## शहर निवासियों की आदत में शुमार हो रहा कचरा पृथक्करण

## सरल होगा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन: विक्रमादित्य सिंह मलिक

● जर्नी ऑफ सक्सैस





**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा शहर भ्रमण के क्रम में स्वास्थ्य विभाग टीम के कार्यों का जायजा लिया गया। कवि नगर जोन अंतर्गत गोविंदपुरम, शास्त्रीनगर, संजय नगर सेक्टर 23 तथा राजनगर की सफाई व्यवस्था को देखा गया । जिसमें क्षेत्रीय निवासियों का फीडबैक भी लिया गया, डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों के साथ नगर आयुक्त तथा नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने जनता के द्वार पहुंचकर गीला कूड़ा तथा सूखा कूड़ा पृथक्करण के बारे में जानकारी दी।

सेक्टर 23 संजयनगर में अधिकांश क्षेत्र वासियों द्वारा कचरा पृथक्करण का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। जिस पर क्षेत्रीय निवासियों की प्रशंसा नगर आयुक्त द्वारा की गई। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम स्वास्थ्य विभाग हर घर से कूड़ा उठा रहा है।

**अभियान**

- **गीला तथा सूखा कचरा पृथक्करण के लिए निगम ने चलाया अभियान**

जिसकी मॉनिटरिंग वरिष्ठ अधिकारियों के माध्यम से की जा रही है। निरीक्षण के क्रम में शहर वासियों से भी डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहन के प्रतिदिन आने की जानकारी ली गई, शहर निवासियों को गीला तथा सूखा कचरा अलग-अलग करते हुए निगम के अधिकृत वाहनों में डालने के लिए अपील की गई। राजनगर तथा शास्त्री नगर के निवासियों ने निगम की कचरा पृथक्करण मुहिम की प्रशंसा की गई तथा शहर हित में किए जा रहे कूड़ा घर विलोपित पर भी सराहना की गई। मौके पर नगर आयुक्त द्वारा 311 एप्लीकेशन के माध्यम से सफाई मित्रों की हाजिरी के बारे में भी क्षेत्रीय निवासियों को अवगत कराया गया तथा सफाई मित्रों को हर घर से कूड़ा एकत्र करने के साथ-साथ कचरा पृथक्करण के लिए जागरूक करने के लिए भी कहा गया।

पांचों जोन अंतर्गत लगभग 650 कूड़ा कलेक्शन वाहन कार्य कर रहे हैं । जिसमें ड्राइवर के साथ-साथ हेल्पर भी दिए हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग की कार्यदाई संस्था नेचर ग्रीन तथा जे एस एनवायरो के माध्यम से कूड़ा कलेक्शन का कार्य तथा साफ सफाई का कार्य कराया जा रहा है। कूड़ा कलेक्शन वाहनों में जीपीएस के माध्यम से मॉनिटरिंग भी प्रबल की गई है। जिससे शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने का कार्य निगम कर रहा है। हर घर का कचरा पृथक्करण के लिए जागरूक होना बेहद जरूरी है जिसके माध्यम से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और अधिक सरल होगा। निरीक्षण के क्रम में गाजियाबाद नगर निगम अधिकारियों द्वारा शहर वासियों को ट्रिपल आर तथा कचरा पृथक्करण के लिए जागरूक किया गया । मौके पर सेक्टर 23 संजयनगर के पार्षद अजय शर्मा भी उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण कर पुलिस आयुक्त ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

● जर्नी ऑफ सक्सैस





**गाजियाबाद।** पुलिस आयुक्त जे. रविंद्र गौड़ ने मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत बुधवार को मिशन शक्ति केन्द्र का निरीक्षण किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सुनिश्चित करने के लिए चलाए जा रहे विशेष कार्यक्रमों व वहां मौजूद व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

पुलिस आयुक्त ने ग्रामीण जोन के थाना मसूरी का भ्रमण किया गया। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त ने थाना परिसर एवं मिशन शक्ति केन्द्र का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। पुलिस आयुक्त का कहना है कि मिशन शक्ति अभियान केवल एक प्रशासनिक पहल नहीं, बल्कि समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करने का एक सशक्त माध्यम है।

पुलिस आयुक्त ने मिशन शक्ति केन्द्र की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए इसे और अधिक प्रभावशाली बनाने को लेकर अन्य सुझाव भी दिए गए।

### पुलिस आयुक्त ने ये दिये सुझाव

- महिला शिकायतकर्ताओं के साथ संवेदनशील एवं मृदुल व्यवहार किया जाए।
- शिकायतों पर प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही की जाए।
- मिशन शक्ति केन्द्र पर आने वाली महिलाओं को उचित मार्गदर्शन एवं परामर्श प्रदान किया जाए।
- जनता केंद्रित पुलिसिंग को बढ़ावा देते हुए आमजन की समस्याओं का समाधान संवेदनशीलता के साथ किया जाए।
- परिसर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।
- आगन्तुकों के लिए वेटिंग एरिया की व्यवस्था की जाए।
- परिसर में लगे सभी कैमरे चालू हालत में होने चाहिए तथा रिकार्डिंग का रिकार्ड सुरक्षित रखा जाए।
- पानी व लाइट की व्यवस्था दुरूस्त होनी चाहिए।
- सभी दस्तावेजों व उपकरणों का रख-रखाव ठीक होना चाहिए।

## दीपावली को लेकर अलर्ट मोड़ पर है दमकल विभाग

**मॉक ड्रिल**

- **इंदिरापुरम व लोनी क्षेत्र के स्कूलों में की गई मॉक ड्रिल, आग से बचाव की जानकारी दी**

● जर्नी ऑफ सक्सैस





**गाजियाबाद।** दीपावली पर्व के मद्देनजर कमिश्नरेट का अग्निशमन विभाग अलर्ट पर है। इसके चलते सीएफओ के नेतृत्व में टीम ने इंदिरापुरम स्थित जेकेजी इंटरनेशल और ट्रोनिका सिटी के सलवान पब्लिक स्कूल में मॉक ड्रिल का आयोजन किया। इस दौरान बच्चों को आग से बचाव के साथ साथ अग्निशमन यंत्रों के संचालन की जानकारी दी गई।

सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि आगामी दीपावली पर्व को लेकर विभाग द्वारा नागरिकों को आग से बचाव के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में वीरवार को टीम ने इंदिरापुरम के जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल और ट्रोनिका सिटी के सलवान पब्लिक स्कूल में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। सीएफओ ने बताया कि मॉक ड्रिल का उद्देश्य अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और आपातकालीन स्थिति में प्रभावी ढंग से कार्य करने की क्षमता विकसित करना था। इस दौरान सीएफओ ने स्कूल के छात्रों और शिक्षकों को अग्नि सुरक्षा के मूल सिद्धांतों और आपातकालीन स्थिति में प्रभावी ढंग से कार्य करने की तकनीकों के बारे में बताया। साथ ही मॉक ड्रिल के दौरान, छात्रों और शिक्षकों ने अग्नि शमन उपकरणों का उपयोग करने और आपातकालीन निकासी करने का अभ्यास किया। टीम ने अध्यापकों व बच्चों को आग बुझाने का अभ्यास भी कराया। सीएफओ ने बताया कि जागरूकता अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## राज्य-प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा को लेकर एडिशनल सीपी ने ली बैठक

● जर्नी ऑफ सक्सैस

**परीक्षा**

- **12 अक्टूबर को आयोजित होगी परीक्षा**



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा 12 अक्तूबर 2025 को सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा0) परीक्षा 2025 तथा सहायक वन अधिकारी सेवा (प्रा0) परीक्षा का आयोजन कराया जाना प्रस्तावित है। इसी परीक्षा का शांतिपूर्वक व कुशलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए शुक्रवार को एडिशनल सीपी मुख्यालय व अपराध ने अधिकारियों के साथ बैठक की।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय व अपराध केशव कुमार चौधरी ने परमजीत हाल पुलिस लाइन में उपरोक्त परीक्षा को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की और जरूरी दिशा-निर्देश देते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिये। एडिशनल सीपी ने इस दौरान बैठक में मौजूद अधिकारियों को परीक्षा के दौरान प्रर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के भी निर्देश दिये, जिससे परीक्षा देने के लिए आने वाले किसी भी व्यक्ति को कोई परेशाना ना हो। इसके साथ ही रेलवे स्टेशन, बस स्टेंड, मेट्रो स्टेशन, रेपिड मेट्रो आदि पर भी सुरक्षा के प्रर्याप्त इंतजाम करने के निर्देश दिये। बैठक के दौरान अपर पुलिस उपायुक्त प्रोटोकॉल, सहायक पुलिस आयुक्त लाइन, सहायक पुलिस आयुक्त प्रज्ञान, ड्यूटी पर्यवेक्षण अधिकारी सहायक पुलिस आयुक्त एवं परीक्षा केन्द्रों से संबंधित थाना प्रभारी तथा परीक्षा केन्द्र पर लगे केन्द्र प्रभारी (उपनिरीक्षक) मौजूद रहे।

### जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स की समीक्षा बैठक

## कई अधिकारियों को लगाई फटकार, मांगा स्पष्टीकरण

● जर्नी ऑफ सक्सैस



**गाजियाबाद।** जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स द्वारा आज विभिन्न कार्यक्षेत्रों की प्रगति की समीक्षा के लिए अधीनस्थ अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक लगभग चार घंटे तक चली, जिसमें अनेक महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान उपाध्यक्ष ने हेल्पलाइन, शासन, मेरठ मंडलायुक्त तथा जिलाधिकारी कार्यालय के माध्यम से प्राप्त होने वाले जनसंदर्भों एवं शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनशिकायतों पर समयबद्ध कार्रवाई करते हुए संबंधित पक्ष को तत्काल अवगत कराया जाए। इस प्रक्रिया में किसी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपाध्यक्ष श्री वत्स ने प्रवर्तन जोन-8 के प्रभारी एवं अधीनस्थ स्टाफ से मामलों के समय पर निस्तारण न किए जाने पर स्पष्टीकरण तलब किया तथा प्रवर्तन जोन-6 और 1 के अधिकारियों से भी हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायत का जवाब नही दिये जाने पर चेतावनी जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने विलंबित कार्यप्रणाली पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई। बैठक में विभिन्न न्यायालयों में लंबित 978 प्रकरणों की स्थिति की भी समीक्षा की गई, जिनमें प्राधिकरण स्तर से काउंटर शपथ पत्र दाखिल किया जाना है। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि अब तक लगभग 240 प्रकरणों में काउंटर शपथ पत्र दाखिल किए जाने शेष हैं। उपाध्यक्ष ने इस प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि काउंटर शपथ पत्र दाखिल किए जाने की संख्या को शीघ्र ही 100 से कम लाया जाए। उन्होंने कहा कि न्यायालय के अधीन मामलों में सक्रियता और पारदर्शिता से ही प्राधिकरण की कार्यप्रणाली को और मजबूत बनाया जा सकता है।

### सपा मुखिया की फिर से आजम खां से नजदीकी का खामियाजा भुगतेंगे कई सपा नेता

## अखिलेश यादव व आजम खां की मुलाकात से बदले राजनीतिक समीकरण



सुदामा पाल
वरिष्ठ संवाददाता
जर्नी ऑफ सक्सैस

**सपा की राजनीति**

- **रामपुर के मौजूदा सांसद व आजम खां में किसी एक को देनी होगी प्राथमिकता**
- **सपा सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह को माफ करने के मूड़ में नहीं हैं आजम खां**



**गाजियाबाद।** एक लंबे समय के बाद बुधवार को सपा मुखिया अखिलेश यादव ने अपनी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान की अपने पैतृक निवास रामपुर में हुई मुलाकात से आजम खान के किसी दूसरे दल में जाने अथवा अपना नया दल बनाये जाने की चचाओं पर विराम लग गया है। अखिलेश यादव से आजम खां की नाराजगी काफी हद तक दूर भी हुई और उनके राजनीतिक संबंधों में आयी दरार भी कम हुई है।

अखिलेश यादव और आजम खां की इस मुलाकात के बाद अब काफी तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश में राजनीतिक समीकरण बदले जाने की संभावना जताई जा रही है। इससे दूसरे दलों के ही नहीं बल्कि सपा में अंदरुनी तौर पर कई बदलाव देखने को मिल सकते हैं। सपा के मौजूदा रामपुर सांसद मौलाना मोहिबुल्ला व आजम खां के बीच छत्तीस का आंकड़ा जगजाहिर है।

एक बात की सच्चाई की बानगी बुधवार को भी उस समय देखने को मिली, जब सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ बरेली तक रामपुर सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह थे। लेकिन अखिलेश यादव ने उन्हें वहीं ठहरने का कहा और वे अकेले ही आजम खां से मिलने गये। सूत्रों का कहना है कि अखिलेश यादव को रामपुर की राजनीति में पार्टी में एकजुटता बनाये रखना बहुत बड़ी चुनौती है, क्योंकि पूर्व सांसद आजम खां व वर्तमान सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह के बीच परस्पर समन्वय बनने की उम्मीद नहीं की जा सकती है। ये दोनों ही नेता एक दूसरे के ध्रुर विरोधी हैं। इनमें भले ही मौलाना मोहिबुल्लाह इस समय सांसद हैं, लेकिन आजम खां के मुकाबले स्थानीय स्तर पर आम जनता में उनकी पकड़ कमजोर है। वे बाहरी करार दिये जाते हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान आजम खॉ जेल में थे। इसलिए उनके विरोध के बावजूद मौलाना मोहिबुल्लाह को पार्टी ने टिकट दे दिया था और वे जीत दर्ज कराने में भी कामयाब हो गये थे। लेकिन अब हालात बदले हुए हैं। आजम खां जमानत पर बाहर हैं और वे पूरे तेवरों में भी नजर आ रहे हैं। उधर सपा मुखिया अखिलेश यादव जानते हैं कि यदि आजम खां की नाराजगी से पार्टी को आगामी विधानसभा 2027 के चुनाव में नुकसान उठाना पड़ सकता है, जबकि रामपुर में सपा सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह को कोई निजी आधार न होकर वे पार्टी के ही दम पर चुनाव जीते हैं।

ऐसे में यदि अखिलेश यादव चाहते हैं कि विधानसभा चुनाव - 2027 में आजम खां पार्टी के लिए पहले जैसे समर्थन, सहयोग व साथ दें तो उन्हें मौलाना मोहिबुल्लाह को किनारे करके आजम खां को सम्मान देना होगा। इतना ही नहीं आजम खां के विरोध करने वाले कई सपा नेताओं से भी सपा मुखिया को दूरी बनानी होगी, तभी आजम खां को साधा जा सकता है। उधर सपा मुखिया अखिलेश यादव के लिए आजम खां व सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह के बीच दूरी कम कराना कम चुनौती पूर्ण नहीं है। सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह ने जिस तरह से आजम खां को लेकर बयान दिये, उससे नहीं लगता कि इन दोनों नेताओं के बीच आसानी से सुलह हो सकती है। आजम खां इस बात को नहीं भुल सकते कि जेल से बाहर आने के बाद भी सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह ने आजम खां को लेकर जो टिप्पणी की थी, उसने आजम खां की नाराजगी को और बढा दिया है। गौरतलतब है कि जब आजम खां जेल में बंद थे तो रामपुर के सपा सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह ने कहा था कि आजम खां को सुधार गृह भेजा गया है। आजम खां के जमानत पर बाहर आने के बाद भी मौलाना मोहिबुल्लाह आजम खां पर कटाक्ष करन से बाज नहीं आये। उन्होंने कहा था कि आजम खां के सुधार गृह में रहने के बावजूद कोई सुधार नहीं आया है। सपा सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह के इस बयान ने आजम खां काफी नाराज हुए। शायद यही कारण है कि उन्होंने अखिलेश यादव को संदेश दिया था कि वे उनसे मिलने अकेले ही आयें। इस बात के कई संकेत निकाले जा रहे हैं। रामपुर की राजनीति के संबंध में कहा जा रहा है कि एक म्यान में दो तलवारें नहीं रह सकते। अब देखना होगा कि अखिलेश यादव किस तरह के इन दोनों नेताओं को साधने के लिए क्या कदम उठाते हैं।

## सपा ने अनुशासनहीनता पर दो नेताओं को पार्टी से निकाला

### जीतू शर्मा व दिनेश गुर्जर पर पार्टी ने कार्रवाई

● जर्नी ऑफ सक्सैस





**गाजियाबाद।** समाजवादी पार्टी ने गाजियाबाद के दो नेताओं को पार्टी के विरुद्ध गतिविधियों में लिप्त होने व अनुशासनहीनता करने के आरोप में पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। सपा से निष्कासित किये जाने वाले नेताओं में समाजवादी युवजन सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष पं.जीतू शर्मा व लोनी के पूर्व विधान सभा अध्यक्ष दिनेश गुर्जर शामिल हैं।

इन दोनों नेताओं को सपा से निष्कासित करने संबंधी पत्र प्रदेश स्तर के पदाधिकारी अरविन्द कुमार सिंह ने जारी किया है। इन दोनों नेताओं पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप था। इस कारण पिछले सप्ताह जीतू शर्मा को समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष पद के तत्काल पद मुक्त कर दिया गया था। इसके बात समाजवादी युवजन सभा के कार्यकताओं ने सपा जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन का राजनगर हिंट चौक पर पुतला फूंका था। इतना ही आरोप है कि लोनी विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गुर्जर ने सोशल मीडिया पर सपा जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन अशोभनीय टिप्पणी की थी। इससे पार्टी की छवि धूमिल हुई थी।

पार्टी हाईकमान ने इन कृत्यों को पार्टी विरोधी गतिविधियां और अनुशासनहीनता माना और इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए यह संदेश देने का प्रयास किया है कि पार्टी शीर्ष नेतृत्व किसी भी कीमत पर अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं करेगा। सपा को जो भी पदाधिकारी पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

दैनिक जर्नी ऑफ सक्सैस
जोश सच का...


## सम्पादकीय

## क्या सड़कें गाड़ियों के लिए हैं? पैदल यात्रियों का हक की अनदेखी क्यों?

सड़कों पर पैदल चलने वालों को सुरक्षा का उतना ही अधिकार है, जितना वाहनों में सवार लोगों का होता है। इस पर गौर करना जरूरी है कि सड़कें केवल वाहनों के लिए नहीं हैं, पैदल यात्रियों को भी उन पर चलने का हक है। यातायात नियम भी सभी पर लागू होते हैं। मगर सवाल है कि क्या पैदल यात्रियों की सुरक्षा को गंभीरता से लिया जा रहा है? हर वर्ष सड़क हादसों में जान गंवाने वालों में बड़ी संख्या पैदल यात्रियों की होती है। यह सड़कों पर पैदल चलने वालों की सुरक्षा में एक गहरी प्रणालीगत विफलता है। यही वजह है कि अब सर्वोच्च न्यायालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पैदल यात्रियों तथा गैर–मोटर चालित वाहनों के लिए नियम बनाने का निर्देश दिया है। इसके लिए छह माह की समय सीमा तय की गई है। हालांकि, कुछ राज्य इस दिशा में पहले ही कदम बढ़ा चुके हैं, लेकिन उनकी नियमावली या तो पूरी तरह स्पष्ट नहीं है या फिर उन पर कड़ाई से अमल नहीं हो पा रहा है। देश में सड़क सुरक्षा की स्थिति क्या है, इसका अंदाजा केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की ओर से पिछले दिनों जारी एक रपट से लगाया जा सकता है। इसके मुताबिक, वर्ष 2023 में देश भर में 4.8 लाख से ज्यादा सड़क हादसे हुए हैं। इनमें से करीब 1.72 लाख लोगों की मौत हो गई और 4.62 लाख लोग घायल हुए। इन हादसों में जान गंवाने वालों में 68 फीसद पैदल यात्री और दोपहिया सवार शामिल थे। यह आंकड़ा बताता है कि सड़कों पर सबसे ज्यादा खतरा पैदल चलने वालों और दोपहिया चालकों को होता है। दरअसल, देश में ज्यादातर सड़कें मुख्य रूप से वाहनों को ध्यान में रख कर ही बनाई गई हैं, जिससे पैदल यात्रियों को अपनी सुरक्षा के लिए जद्दोजहद करनी पड़ती है। यह बात छिपी नहीं है कि अधिकांश शहरों में फुटपाथ या तो हैं ही नहीं या वे टूटे हुए हैं या फिर उन पर अतिक्रमण हो गया है। इस वजह से नागरिकों को मुख्य सड़कों पर चलने के लिए विवश होना पड़ता है, जहां तेज रफ्तार वाहनों से हमेशा हादसे का खतरा बना रहता है। सड़कों पर यातायात को सुचारु रूप से संचालित करने और सुरक्षा के लिए देश में मोटर वाहन अधिनियम बनाया गया है, मगर उसमें ह्यपैदल चलने के अधिकारह्ण को स्पष्ट रूप से परिभाषित नहीं किया गया है। इस कारण पैदल यात्रियों की सुरक्षा को लेकर लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं। भारतीय सड़क कांग्रेस ने वर्ष 2012 में फुटपाथों को लेकर कई सुझाव दिए थे, जिनमें पैदल चलने के लिए कम से कम 1.8 मीटर चौड़ा और बाधा–मुक्त क्षेत्र बनाने का सुझाव भी शामिल था। इसके अलावा सरकार की ओर से सड़क सुरक्षा शिक्षा देने, यातायात नियमों को सख्ती से लागू करने, सड़कों की बनावट में सुधार और आधुनिक तकनीकों के उपयोग को लेकर भी अभियान शुरू किया गया है। मगर इस दिशा में जमीनी स्तर पर अभी भी कोई खास सुधार नजर नहीं आता है। वास्तविकता यह है कि सड़क बनाने और रखरखाव का काम करने वाली एजंसियां भी यातायात नियमों को अनदेखा कर देती हैं। इसलिए सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में राष्ट्रीय राजमार्गों के अलावा अन्य सड़कों के लिए डिजाइन के मानकों, निर्माण और रखरखाव को लेकर भी राज्यों को नियम बनाने के निर्देश जारी किए हैं।

## प्राचीन पांडुलिपियां, भारत की जीवन स्मृति और सभ्यता के पहचान

पिछले दिनों ज्ञान भारतम् मिशन की रूपरेखा तय करने के उद्देश्य से वैश्विक सम्मेलन का आयोजन किया गया और नई दिल्ली घोषणापत्र अपनाया गया। इसका उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा के अभिन्न अंग पांडुलिपियों में बिखरे भारतीय ज्ञान के संरक्षण, उनके डिजिटलीकरण और प्रसार के साथ विदेश चली गई मूल कृतियों को वापस लाने का प्रयास शामिल है। इस घोषणापत्र में मूल पांडुलिपियों को वापस प्राप्त करने और उन्हें विदेश से लाने और उनकी डिजिटल प्रतियां सुरक्षित करने, शोध और राष्ट्रीय गौरव के लिए उन



तक पहुंच सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया है। भारत अब तक दुनिया भर से चोरी या फिर तस्करी के द्वारा देश के बाहर गईं 600 से अधिक धरोहरों को वापस ला चुका है। इनमें अकेले अमेरिका से ही 559 धरोहरों को वापस लाया गया है। पांडुलिपियां किसी राष्ट्र की जीवन स्मृति और उसकी सभ्यता की पहचान की नींव होती हैं। भारत जैसी संस्कृति वाले राष्ट्र के पास पांडुलिपियों का समृद्ध संग्रह है, जिसमें लगभग एक करोड़ ग्रंथ हैं, जो भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और ज्ञान परंपरा का प्रतिनिधित्व करते हैं। भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित पांडुलिपियां ताड़ पत्र, हस्तनिर्मित कागजों, शंटी की छालों, कपड़ों, चर्मपत्र, बर्च (भोजपत्र), ताम्रपत्र के रूप में सुरक्षित हैं, जिनका संरक्षण आधुनिक तकनीक से करने के साथ–साथ शोधकताओं तक पहुंच को आसान बनाना आवश्यक है। ये सभी पांडुलिपियां मूल स्रोत के रूप में हस्तलिखित होती थीं, जो मुद्रण यंत्रों के आविष्कार से पहले सूचनाओं को रिकार्ड करने का साधन थीं। मध्यकाल और आधुनिक काल में विदेशी आक्रांताओं ने इन्हें नष्ट तो किया, लेकिन आजादी के बाद इनके महत्व को न समझना और इनका संरक्षण न किया जाना दुखद है। प्राचीन भारत की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा को भारतीय इतिहास में भी उचित स्थान नहीं मिल पाया। भारतीय इतिहास की प्रवृत्ति केवल राजनीतिक नहीं थी, जो साम्राज्यों के उत्थान और पतन में दिखती है। भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा, लोक चेतना, मानवता और नैतिकता पर आधारित जीवन दृष्टि, प्रकृति के साथ सामंजस्य और वैज्ञानिक चेतना से युक्त दृष्टि भारतीय जीवन का मूल आधार थी। भारत की दार्शनिक पद्धतियां आध्यात्मिक, धार्मिक और भौतिक चेतना से युक्त थीं, जो अलग–अलग परिस्थितियों में सभी समाजों के लिए मार्गदर्शक के रूप में विद्यमान थीं। जबकि मध्यकालीन मुस्लिम इतिहासकारों ने धार्मिक दृष्टिकोण से राजनीतिक इतिहास लिखा और आक्रांताओं की नीतियों को वैधता प्रदान की। आधुनिक काल में अंग्रेजी इतिहासकारों ने औपनिवेशिक मानसिकता से भारतीय इतिहास को प्रस्तुत किया, जिसका उद्देश्य भारतीय चिंतनधारा को अवरुद्ध करके पश्चिमी मूल्य और संस्कृति को श्रेष्ठता प्रदान करने के साथ–साथ औपनिवेशिक शासन को वैधता प्रदान करना था। आजादी के अमृतकाल में भारतीय समाज अपने अतीत के प्रति आग्रही दिख रहा है और अपनी मूल चिंतन धारा को नए संदर्भ में प्रस्तुत कर रहा है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने भारतीयता के मूल्यों को स्थापित करने के लिए आधार प्रदान किया है। आज भारतीय इतिहास को शोधकर्ता नई दृष्टि और संदर्भों के साथ–साथ वैज्ञानिक शोधों के परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत कर रहे हैं। प्राथमिक और मूल स्रोतों के साथ इतिहास सामने आ रहा है, जिससे अतीत की भ्रांति भरे विमर्श अप्रासंगिक हो रहे हैं। पूर्वाग्रह से लिखा गया इतिहास वैज्ञानिक दृष्टि और स्रोतों के साथ आज प्रस्तुत करने से झूठा साबित हो रहा है। पुरातात्विक उत्खनन से भारतीय सभ्यता के नए पक्ष स्पष्ट हुए हैं। भारतीय शासकों की विजय और जनकल्याणकारी शासन के नए पक्ष सामने आ रहे हैं। कई विश्वविद्यालयों में प्राचीन भारतीय ज्ञान पर शोधपीठों की स्थापना हो रही है और वैज्ञानिक संस्थान भी प्राचीन ज्ञान की महत्ता को स्वीकार कर रहे हैं। भारतीय जीवन पद्धति, आयुर्वेद और योग को संपूर्ण विश्व धरोहर के रूप में स्वीकार कर रहा है। यूनेस्को भारतीय सांस्कृतिक स्थलों को विश्व विरासत के रूप में स्वीकार कर रहा है। भारतीय ज्ञान परंपरा में हजारों वर्ष का चिंतन–मनन, महान विद्वानों और चिंतकों का शोध, भारत की वैज्ञानिक धरोहर शामिल हैं, जो भारतीय पांडुलिपियों में आसानी से खोजी जा सकती हैं। ये पांडुलिपियां केवल अतीत की धरोहर नहीं हैं, अपितु भविष्य के भारत की दृष्टि और दृढ़ संकल्प हैं। भारतीय ज्ञान परंपरा लंबे समय से चले आ रहे बौद्धिक चिंतन, परस्पर विमर्श और तार्किकता पर आधारित लोक स्वीकृति का परिणाम है।


स्वत्वाधिकारी सत्य प्रेम एंड अहिंसा समाज कल्याण ट्रस्ट के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सुबोध शर्मा ने मैसर्स **AGS** पब्लिकेशन **F–23** सेक्टर **6** नोएडा **201301** उत्तर प्रदेश से मुद्रित करा कर **G- 2 & 3** प्लॉट नंबर **18–A** हिंट हाउस, आरडीसी–राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित किया।

**RNI. No. UPHIN/2013/53934**

**संपादक - सुबोध शर्मा**

**समाचार संपादक - अशोक शर्मा**

**Mo. 9891806380**


## मायावती के लखनऊ रैली में दिये भाषण से राजनीतिक तापमान बढ़ा

उत्तर प्रदेश की राजनीति आज फिर मायावती के तीखे तेवरों से गूंज उठी। कांशीराम के 19वें परिनिर्वाण दिवस पर आयोजित बसपा रैली सिर्फ श्रद्धांजलि का मंच नहीं थी बल्कि यह एक राजनीतिक घोषणा-पत्र भी था। मायावती ने इस अवसर को समाजवादी पार्टी पर करारा प्रहार करने, कांग्रेस को कठघरे में खड़ा करने और अप्रत्याशित रूप से भाजपा की आंशिक सराहना करने के लिए इस्तेमाल किया। बसपा मुखिया ने अपने भाषण में जिस तीखे अंदाज में सपा को दोगली राजनीति का प्रतीक बताया, वह स्पष्ट संकेत देता है कि मायावती आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले ह्यसामाजिक सम्मान बनाम दिखावटी राजनीति के नैरेटिव को फिर से केंद्र में लाना चाहती हैं।



मायावती ने सपा पर आरोप लगाया कि जब सत्ता में होती है तो दलित महापुरुषों की उपेक्षा करती है और सत्ता से बाहर आते ही उनके नाम पर संगोष्ठियाँ और श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित करती है। उन्होंने अखिलेश यादव पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि जब उनकी सरकार आई, तो उसने कांशीराम नगर का नाम बदल दिया, जबकि बसपा शासन ने इसे दलित अस्मिता का प्रतीक बनाकर स्थापित किया था। देखा जाये तो यह हमला सामाजिक प्रतिनिधित्व की सियासत पर भी था। मायावती ने सपा के पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) नारे को राजनीतिक पाखंड बताया और कहा कि सपा इन तबकों को केवल वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करती है। राजनीतिक रूप से, यह बयान मायावती के पुराने वोटबैंक विशेषकर जाटव, पासी और वाल्मीकि समुदाय को यह संदेश देता है कि बसपा ही उनकी असली राजनीतिक आवाज है, न कि सपा जैसी अवसरवादी पार्टियाँ।

मायावती ने कांग्रेस को भी नहीं छोड़ा। उन्होंने बाबा साहब आंबेडकर के प्रति कांग्रेस की ऐतिहासिक उपेक्षा की याद दिलाते हुए कहा कि न लोकसभा भेजा, न जीवनकाल में भारत रत्न दिया। उन्होंने यह भी जोड़ा कि मंडल आयोग की रिपोर्ट बसपा के प्रयासों से ही लागू हो सकी थी। यह आक्रमण दोहरे उद्देश्य वाला था। एक तो कांग्रेस को दलित विरोधी ठहराना, ताकि सपा-कांग्रेस गठबंधन की संभावनाएँ कमजोर दिखें। दूसरा बसपा को सामाजिक न्याय की असली वाहक के रूप में पुनः प्रस्तुत करना।

मायावती के भाषण का सबसे दिलचस्प हिस्सा तब आया जब मायावती ने भाजपा सरकार की सराहना की। मायावती ने कहा, "बसपा राज्य सरकार की भी बहुत-बहुत आभारी है क्योंकि इस स्थल को देखने वाले लोगों के टिकटों का एकत्र हुआ पैसा पूर्व की सपा सरकार की तरह वर्तमान भाजपा की राज्य सरकार ने दबा कर नहीं रखा है बल्कि पार्टी के आग्रह करने पर इस स्मारक की मरम्मत करने पर पूरा खर्च किया है।" बसपा प्रमुख ने कहा कि उन्होंने वर्ष 2007 में अपनी सरकार के शासनकाल में व्यवस्था की थी कि कांशीराम के सम्मान में बनवाये गये स्मारक स्थल के लिये टिकट लगाया जाएगा और उससे मिलने वाले धन को राजधानी लखनऊ में बनवाये गये स्मारकों और उद्यानों के रखरखाव पर खर्च किया जाएगा। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ की सरकार ने स्मारकों की मरम्मत के लिए टिकट से मिली रकम का सही उपयोग किया, जबकि सपा सरकार ने उसे दबा कर रखा था।

यह बयान राजनीतिक रूप से बेहद अहम है। यह मायावती की ह्यसॉफ्ट पॉलिटिकल बैलेंसिंग का हिस्सा है– जहाँ वह भाजपा के साथ सीधी भिड़ंत से बचते हुए, विपक्षी गठबंधनों से दूरी बनाए रखना चाहती हैं। भाजपा के लिए यह संकेत सुकूनदायक है कि बसपा 2027 के चुनाव में तीसरा मोर्चा बनकर विपक्षी वोटों को बाँट सकती है।

देखा जाये तो कांशीराम की पुण्यतिथि का मंच, मायावती के लिए केवल श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि राजनीतिक पुनर्स्थापना का अवसर था। 2022 के चुनावों में बसपा को मुश्किल से 12% वोट मिले थे। यह उसके अपने इतिहास का सबसे निचला स्तर था। अब जब सपा पीडीए के जरिये पिछड़े-दलित गठबंधन की राजनीति साधने में लगी है, मायावती का यह बयान एक काउंटर-नैरेटिव है कि हमारे महापुरुषों की विरासत को अवसरवादी राजनीति से बचाना ही सच्चा सम्मान है। मायावती का यह प्रयास अपने परंपरागत दलित आधार को फिर से एकजुट करने और उसे सपा से दूर रखने का है। साथ ही, भाजपा के साथ प्रत्यक्ष टकराव से बचकर वह राज्य में राजनैतिक प्रासंगिकता बनाए रखना चाहती हैं।

मायावती के भाषण से उत्तर प्रदेश की राजनीति पर पड़ने वाले असर को देखें तो बसपा मुखिया का यह हमला विशेष रूप से पश्चिमी और मध्य यूपी में सपा के दलित वोटबैंक में सेंध लगाने के लिए है। यदि बसपा अपने पारंपरिक मतदाताओं को भावनात्मक रूप से फिर से जोड़ पाती है, तो सपा को नुकसान तय है। बसपा की आक्रामकता सपा के खिलाफ भाजपा के लिए विपक्षी मतों का बिखराव सुनिश्चित कर सकती है। योगी सरकार पर नरम टिप्पणी से भाजपा को यह संकेत भी जाता है कि बसपा पूर्ण विरोधी नहीं है। साथ ही बसपा का कांग्रेस विरोधी रुख विपक्षी एकता के समीकरणों को और जटिल बनाएगा। मायावती का संदेश स्पष्ट है– दलित एजेंडा पर बसपा किसी गठबंधन में अधीनस्थ भूमिका स्वीकार नहीं करेगी।

इसके अलावा, यदि मायावती अपनी संगठित लेकिन शांत राजनीतिक शैली को जमीनी अभियान में बदल पाती हैं, तो यह रैली बसपा की पुनर्प्रविष्टि की शुरूआत मानी जाएगी। देखा जाये तो कांशीराम की पुण्यतिथि के बहाने मायावती ने उत्तर प्रदेश की राजनीति को नया कोण दे दिया है। उनका संदेश साफ है- दलित राजनीति की असली आवाज वही होगी, जो न सत्ता के लालच में झुके और न किसी गठबंधन में घुले। राजनीतिक तापमान बढ़ाने की दिशा में यह रैली बसपा के लिए रीसेट बटन साबित हो सकती है। और यदि मायावती इस लय को अगले चुनाव तक बनाए रखती हैं, तो उत्तर प्रदेश की सत्ता का गणित फिर एक बार नई शक्ल ले सकता है।

## पॉल कपूर को ट्रंप ने दक्षिण एशिया का प्रभारी बनाकर पाकिस्तान को झटका दिया

अमेरिकी विदेश मंत्रालय में दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के लिए भारतीय मूल के प्रोफेसर एस. पॉल कपूर की नियुक्ति न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि भारत के लिए एक बड़ी रणनीतिक राहत के रूप में देखी जा रही है। पॉल कपूर, जो लंबे समय से दक्षिण एशियाई सुरक्षा, परमाणु नीति और आतंकवाद पर अपने कठोर विश्लेषणों के लिए जाने जाते हैं, अब उस पद पर आसीन हुए हैं जहाँ से अमेरिका की भारत, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के प्रति नीतियाँ तय होती हैं।



यह नियुक्ति ऐसे समय आई है जब अमेरिकी नीतियों में भारत के प्रति तनाव दिखने लगा था– विशेष रूप से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत शुल्क और व्यापारिक मतभेदों के कारण। ऐसे में कपूर की नियुक्ति अमेरिका-भारत संबंधों के लिए ह्यकूटनीतिक मरहमह्ण के रूप में मानी जा रही है।

कौन हैं पॉल कपूर और क्यों भारत के लिए महत्वपूर्ण हैं? यदि इस पर चर्चा करें तो आपको बता दें कि नई दिल्ली में जन्मे पॉल कपूर भारतीय पिता और अमेरिकी माता के पुत्र हैं। उन्होंने शिकागो विश्वविद्यालय से पीएचडी की है और लंबे समय से अमेरिकी नौसेना के पोस्टग्रेजुएट स्कूल तथा स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के हूवर इंस्टीट्यूशन से जुड़े हुए हैं। वह उन कुछ विद्वानों में से हैं जिन्होंने दक्षिण एशिया की सामरिक राजनीति पर गहरी अकादमिक और व्यावहारिक समझ बनाई है।

उनकी पुस्तकों Jihad as Grand Strategy और Dangerous Deterrent: Nuclear Weapons Proliferation and Conflict in South Asia में पाकिस्तान की नीतियों को उन्होंने राज्य प्रायोजित उग्रवाद कहा है, न कि अस्थिरता की परिणति। यह दृष्टिकोण अमेरिका के भीतर पाकिस्तान के प्रति एक कठोर रुख की वकालत करता है। कपूर का यह विश्लेषण भारत के लिए राहतकारी है, क्योंकि अब दक्षिण एशिया मामलों में निर्णय-प्रक्रिया ऐसे व्यक्ति के हाथों में है जो पाकिस्तान की दोहरी नीति को अच्छी तरह समझते हैं।

इससे पहले कपूर ट्रम्प प्रशासन के नीति नियोजन विभाग में काम कर चुके हैं, जहाँ उन्होंने इंडो-पैसिफिक रणनीतिह्व के निर्माण में भूमिका निभाई थी। यानी वह न केवल एक अकादमिक हैं, बल्कि नीति-निर्माण की मशीनरी से भी भली-भाँति परिचित हैं। उनकी नियुक्ति से यह स्पष्ट संकेत जाता है कि अमेरिका अब दक्षिण एशिया को केवल पाकिस्तान या अफगानिस्तान के संदर्भ में नहीं, बल्कि भारत-केंद्रित दृष्टि से देखना चाहता है।

कपूर की नियुक्ति भारत के लिए राहत क्यों है? यदि इस पर चर्चा करें तो हमें यह देखना होगा कि पॉल कपूर का विचार है कि पाकिस्तान का आतंकवादी ढाँचा कोई आकस्मिक तत्व नहीं, बल्कि उसकी राष्ट्रीय रणनीति का अभिन्न हिस्सा है।

इसका सीधा अर्थ है कि वे अमेरिका के भीतर पाकिस्तान के प्रति किसी नरमी के पक्षधर नहीं हैं। उनकी सोच के अनुसार, जब तक इस्लामाबाद आतंकवाद को नीतिगत औजार के रूप में इस्तेमाल करता रहेगा, तब तक दक्षिण एशिया में स्थायी शांति असंभव है।

भारत के दृष्टिकोण से यह अत्यंत अनुकूल है, क्योंकि बीते वर्षों में अमेरिका-पाकिस्तान संबंधों में कई बार ऐसे संकेत मिले थे कि वॉशिंगटन इस्लामाबाद को फिर से रणनीतिक महत्व देने लगा है–खासकर अफगान मोर्चे पर। कपूर की उपस्थिति इस संतुलन को भारत की ओर झुका सकती है।

दूसरी ओर, 21 अमेरिकी सांसदों ने राष्ट्रपति ट्रम्प को पत्र लिखकर भारत के साथ संबंध सुधारने की खुली वकालत की है। यह पत्र ऐसे समय आया है जब अमेरिकी व्यापार नीतियों से दोनों देशों के बीच मतभेद गहराते जा रहे हैं। इन सांसदों में भारतीय मूल के रो खन्ना, प्रमिला जयपाल, राजा कृष्णमूर्ति, श्री थानेदार और सुहास सुब्रमण्यम जैसे नेता शामिल हैं, जो अमेरिकी राजनीति में सामोसा कॉकस के रूप में जाने जाते हैं।

इन सांसदों ने पत्र में चेतावनी दी है कि भारत पर दंडात्मक शुल्क लगाने की नीति न केवल दोनों देशों के उद्योगों को नुकसान पहुँचा रही है, बल्कि इससे भारत को चीन और रूस जैसे अमेरिका-विरोधी देशों के करीब धकेला जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत क्वाड समूह (अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया, भारत) का अहम स्तंभ है और इंडो-पैसिफिक में चीन के बढ़ते प्रभाव का सबसे मजबूत संतुलन है।

पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि भारत-अमेरिका का व्यापार दोनों देशों में लाखों नौकरियों को सहारा देता है और कई अमेरिकी कंपनियाँ भारत पर निर्भर हैं– चाहे वह सेमीकंडक्टर उत्पादन हो, स्वास्थ्य सेवा हो या ऊर्जा क्षेत्र। सांसदों का कहना है कि यह टैरिफ नीति अमेरिका के अपने उपभोक्ताओं के लिए भी महँगी साबित हो रही है और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अमेरिकी उद्योग को कमजोर कर रही है।

देखा जाये तो कपूर की नियुक्ति और अमेरिकी सांसदों की चिट्ठी, दोनों घटनाएँ एक साथ यह संकेत देती हैं कि अमेरिकी प्रतिष्ठान के भीतर भारत को लेकर सहमति बन रही है कि नई दिल्ली अब केवल सहयोगी नहीं, बल्कि रणनीतिक अनिवार्यता बन चुकी है। ट्रम्प प्रशासन की अब तक की नीति, जो कभी चीन पर कठोर और भारत पर अनिश्चित रही, शायद कपूर जैसे विशेषज्ञ के आने से अधिक संतुलित और भारत-पक्षीय हो सकती है। वहीं 21 सांसदों की पहल यह दर्शाती है कि भारतीय-अमेरिकी समुदाय अब अमेरिकी नीति-निर्माण पर प्रभाव डालने की स्थिति में आ चुका है।

देखा जाये तो दक्षिण एशिया की जटिल राजनीति में पॉल कपूर का आगमन एक नया मोड़ है। वह ऐसे व्यक्ति हैं जो भारत की चिंताओं को न केवल समझते हैं, बल्कि उन्हें अमेरिकी रणनीति में केंद्रीय स्थान देने की क्षमता रखते हैं। साथ ही, अमेरिकी कांग्रेस में उठी भारत समर्थक आवाजें यह दर्शाती हैं कि वॉशिंगटन में भी अब यह समझ बन रही है कि भारत के बिना एशिया में स्थिरता की कल्पना असंभव है।

बहरहाल, कपूर की नियुक्ति और सांसदों की पहल, दोनों मिलकर यह संकेत देती हैं कि भारत-अमेरिका संबंध शायद एक नए रणनीतिक पुनर्जागरण के मुहाने पर हैं। यदि इसे सही दिशा में ले जाया गया, तो यह साझेदारी न केवल एशिया, बल्कि वैश्विक शक्ति-संतुलन को भी परिभाषित करेगी।


**जर्नी ऑफ सक्सैस परिवार की ओर से आप सभी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं**




नोट: अगर आप भी अपना या अपने किसी संबंधी के जन्मदिन पर दैनिक जर्नी ऑफ सक्सैस समाचार पत्र में फोटो लगवाना चाहते हैं तो आप हमें हमारी ई-मेल आई डी journeyofsucces@gmail.com पर नाम सहित फोटो मेल कर सकते हैं। धन्यवाद!

# डीआईजी कलानिधि नैथानी ने की अपराध समीक्षा बैठक, कहा- ‘गढ़ मेला-2025 होगा कानून-व्यवस्था का मॉडल आयोजन’

## त्योहारों के मद्देनजर सर्राफा बाजारों में बढ़ाई जाएगी गश्त, साइबर फ्रॉड और गैंगस्टर को लेकर चलेगा विशेष अभियान

● जर्नी ऑफ सक्सैस

**मेरठ।** मेरठ रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री कलानिधि नैथानी ने गुरुवार को रेंज कार्यालय पर एक उच्च स्तरीय ‘अपराध समीक्षा एवं त्योहार-गढ़ मेला समीक्षा गोष्ठी’ आयोजित की।

बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ डॉ. विपिन ताडा, एसएसपी बुलंदशहर दिनेश कुमार सिंह, एसपी बागपत सूरज कुमार राय और एसपी हापुड़ कुंवर ज्ञानंजय सिंह सहित समस्त जिले के पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में आगामी त्योहारों करवाचौथ, धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाईदूज, छठ पूजा तथा विशेष रूप से गढ़ मेला (कार्तिक पूर्णिमा-2025) के शांतिपूर्ण व सफल आयोजन के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए।




### गढ़ मेला की तैयारी- सुपर जोन और सेक्टर बनाए जाएंगे

डीआईजी ने निर्देश दिए कि गढ़ मेला में सुपर जोन, जोन और सेक्टर योजना बनाकर प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। यातायात नियंत्रण हेतु डायवर्जन प्लान, पार्किंग स्थल, बैरियर व्यवस्था की समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों स्वास्थ्य, अग्निशमन, खाद्य सुरक्षा, एम्बुलेंस सेवा, विद्युत व सफाई विभाग से समन्वय स्थापित कर सभी सुविधाएं पहले से सुनिश्चित की जाएं।



### कानून-व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता

डीआईजी कलानिधि नैथानी ने कहा कि आगामी दिनों में रेंज के सभी जनपदों में त्योहारों की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन और सामंजस्यपूर्ण पुलिसिंग को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा गढ़ मेला केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि उत्तर भारत का गौरव है। इसे कानून–व्यवस्था का मॉडल आयोजन बनाना है। मेले में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, सुरक्षा में चूक या ट्रैफिक अवरोध की स्थिति नहीं होनी चाहिए।

त्योहारों से पूर्व और दौरान सरार्फा बाजारों में पुलिस गश्त, स्थायी पिकेट और फुट पेट्रोलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए गए। डीआईजी ने कहा कि करवाचौथ, धनतेरस और दिवाली के समय बाजारों में भीड़ बढ़ती है, ऐसे में संदिग्ध व्यक्तियों और असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाए। साथ ही, ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए सभी संवेदनशील मार्गों पर यातायात पुलिस व होमगाड्र्स की विशेष ड्यूटी लगाई जाए।

### साइबर अपराध और गैंगस्टर पर चलेगा अभियान

डीआईजी नैथानी ने कहा कि साइबर फ्रॉड और फर्जी कॉल सेंटर पर अब ‘जीरो टॉलरेंस’ की नीति अपनाई जाएगी।

उन्होंने निर्देश दिए कि एनसीआरपी के माध्यम से प्राप्त फर्जी मोबाइल नंबरों के क्टएकतुरंत ब्लॉक कराए जाएं, ‘ऑपरेशन शस्त्र’ के तहत अवैध हथियारों पर कड़ी कार्यवाही की जाए, साइबर अपराध करने वालों के विरुद्ध मुकदमे दर्ज कर गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए, बल्क सिम बिक्री में शामिल दुकानदारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए।

# नाबालिग को बहला–फुसलाकर भगाने वाले अभियुक्त को दबोचा

● जर्नी ऑफ सक्सैस

**हापुड़।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना धौलाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। जानकारी के अनुसार, थाना धौलाना क्षेत्र में दर्ज मुकदमा संख्या 280/2025, धारा 137(2), 64 बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त को पुलिस ने सौलाना कट, धौलाना क्षेत्र से दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

जसवंत नागर पुत्र रामकिशन निवासी सन्त नगर कॉलोनी, थाना सेक्टर-17, जनपद फरीदाबाद (हरियाणा) है। आरोपी पर आरोप है कि उसने थाना धौलाना क्षेत्र की एक




नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। इस संबंध में किशोरी के परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस टीम लगातार इसकी तलाश में जुटी हुई थी। सुराग मिलने पर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सौलाना कट क्षेत्र में दबिश दी और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इन तीनों पुलिसकर्मियों की तत्परता और सूझबूझ से यह कार्रवाई सफल हो सकी। थाना प्रभारी धौलाना नीरज कुमार ने बताया कि ‘अभियुक्त के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज है। उसे विधिक प्रक्रिया के तहत न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## ततारपुर में नारी शक्ति प्रशिक्षण केंद्र खोला गया

# महिला सशक्तिकरण के लिए हुनर जरूरीः पूनम परिहार

● जर्नी ऑफ सक्सैस

**धौलाना (हापुड़)।** गाँव ततारपुर में गुरुवार को स्वयंसेवी संस्था ‘संदेश’ द्वारा संचालित नारी शक्ति कटाई-सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया। यह केंद्र डाबर इंडिया लिमिटेड के वित्तीय सहयोग से संचालित होगा। शुभारंभ कार्यक्रम का उद्घाटन संस्था की सचिव पूनम सिंह परिहार और सहायक प्रबंधक राहुल सक्सेना ने दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया। यह पहल ग्रामीण अंचल की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, उनके कौशल को निखारने और आर्थिक रूप से सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

संस्था की सचिव पूनम सिंह परिहार ने कहा कि महिला सशक्तिकरण का अर्थ केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि उसे आर्थिक स्वतंत्रता से भी जोड़ना





आवश्यक है। उन्होंने कहा ‘एक शिक्षित महिला अपने परिवार को आगे बढ़ा सकती है, लेकिन एक हुनरमंद महिला पूरे समाज को दिशा दे सकती है।

ग्रामीण इलाकों में महिलाओं के पास सीमित अवसर होते हैं, इसलिए ऐसे प्रशिक्षण केंद्र उनके लिए नई राह खोलते हैं। जब महिलाएँ आत्मनिर्भर बनेंगी, तो उनका आत्मविश्वास भी दोगुना होगा।’

संस्था संदेश लंबे समय से ग्रामीण क्षेत्रों में महिला प्रशिक्षण और कौशल विकास कार्यक्रम चला रही है। कटाई-सिलाई केंद्र के माध्यम से महिलाओं को ऐसा हुनर सिखाया जाएगा, जिससे वे घर बैठे रोजगार अर्जित कर सकें। संस्था भविष्य में ब्यूटीशियन और कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र भी शुरू करने की दिशा में कार्यरत है।

# किसानों की जीतः एकलव्य सिंह सहारा की चेतावनी के बाद झुका प्रशासन

## उत्कल ट्यूबर कंपनी के खिलाफ आलू किसानों से धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

● जर्नी ऑफ सक्सैस

**हापुड़।** जनपद हापुड़ में किसानों के लंबे संघर्ष और लगातार उठाई जा रही आवाज के बाद आखिरकार प्रशासन को झुकना पड़ा। एकलव्य सिंह सहारा की कड़ी चेतावनी और दबाव के बाद देर रात उत्कल ट्यूबर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी (बेंगलुरु, कर्नाटक) के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। कंपनी पर कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग के नाम पर किसानों से धोखाधड़ी और आर्थिक शोषण के गंभीर आरोप हैं। जानकारी के अनुसार, हापुड़ और आसपास के क्षेत्रों के सैकड़ों किसानों ने उत्कल ट्यूबर कंपनी के साथ आलू की खेती का अनुबंध किया था। अनुबंध के मुताबिक कंपनी को अप्रैल 2025 तक किसानों का पूरा भुगतान करना था, लेकिन तय समय बीतने के बाद भी कंपनी ने अब तक कोई



भुगतान नहीं किया। किसान कई बार दफ्तरों के चक्कर लगाते रहे, परंतु कंपनी और उसके प्रतिनिधियों की ओर से केवल झूठे आश्वासन ही दिए गए। किसानों का कहना है कि उन्होंने कंपनी पर भरोसा करके बीज, खाद, सिंचाई और मजदूरी पर लाखों रुपये खर्च किए, लेकिन अब तक न तो उन्हें कोई भुगतान मिला और न ही उनकी मेहनत का मूल्य। इस मामले में प्रशासन से कई बार शिकायत की गई, पर कार्रवाई नहीं हुई। इसी बीच किसान नेता एकलव्य सिंह सहारा ने इस मामले को जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने प्रशासन को दो टूक चेतावनी दी थी कि यदि किसानों को न्याय नहीं मिला तो वे कंपनी और अधिकारियों का घेराव करेंगे। आखिरकार देर रात प्रशासन ने मुकदमा दर्ज कर कंपनी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की। किसानों में इस खबर के बाद राहत की लहर है। एकलव्य सिंह सहारा ने कहा कि ‘यह सिर्फ एक एफआईआर नहीं, बल्कि किसानों के सम्मान और संघर्ष की जीत है। हमने महीनों तक अधिकारियों के दरवाजे खटखटाए, धरने दिए, चिट्ठियाँ लिखीं, लेकिन हमारी बात को गंभीरता से नहीं लिया गया। जब हमने चेतावनी दी कि अगर अब भी कार्रवाई नहीं हुई तो हापुड़ प्रशासन का घेराव किया जाएगा, तब जाकर यह कदम उठाया गया। मैं साफ कहना चाहता हूँ किसान अब खामोश नहीं रहेगा। चाहे कंपनी बेंगलुरु की हो या किसी और राज्य की, अगर वह उत्तर प्रदेश के किसानों का शोषण करेगी, तो हम सड़कों पर उतरकर जवाब देंगे।’ उन्होंने आगे कहा ‘हापुड़ के किसान इस देश की रीढ़ हैं। इन किसानों ने अपने पसीने से जमीन को सोना बनाया है। लेकिन उत्कल ट्यूबर प्राइवेट लिमिटेड जैसी कंपनियाँ किसानों के भरोसे का सौदा कर रही थीं। यह कंपनी अप्रैल 2025 तक भुगतान करने का वादा कर चुकी थी, लेकिन आज अक्टूबर तक भी किसानों का पैसा नहीं मिला। यह सीधा-सीधा धोखा है। हमने प्रशासन को पर्याप्त समय दिया, दस्तावेज दिखाए, सबूत सौंपे, लेकिन जब कार्रवाई नहीं हुई तो हमने चेतावनी दी – या तो किसानों को न्याय दो, या जनता न्याय लेना जानती है। आज की कार्रवाई उसी संघर्ष का परिणाम है।’

एकलव्य सिंह सहारा ने यह भी स्पष्ट किया कि ‘हमारा आंदोलन अभी खत्म नहीं हुआ है। मुकदमा दर्ज होना पहला कदम है। जब तक किसानों को उनका पूरा बकाया नहीं मिलता और कंपनी के जिम्मेदार लोगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, हम चैन से नहीं बैठेंगे। हमारी तीन मांगें हैं किसानों का एक-एक रुपये का भुगतान किया जाए, कंपनी के खिलाफ आर्थिक अपराध के तहत कार्रवाई हो, भविष्य में किसी भी किसान के साथ इस तरह की धोखाधड़ी न हो, इसके लिए ठोस नीति बनाई जाए।’

# धौलाना में छात्रा बनी एक दिन की एसडीएम, जनसुनवाई संबंधी मामले सुने

● जर्नी ऑफ सक्सैस

**धौलाना (हापुड़)।** उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत गुरुवार को धौलाना तहसील में बालिका सशक्तिकरण की मिसाल पेश की गई। एस.एस.एन. पब्लिक स्कूल की कक्षा 11 की छात्रा राबिया अब्बासी को एक दिन के लिए धौलाना एसडीएम की जिम्मेदारी सौंपी गई। प्रशासनिक कुर्सी पर बैठकर राबिया ने न केवल तहसील के राजस्व और जनसुनवाई से जुड़े मामलों को सुना, बल्कि अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश भी दिए। यह पहल महिलाओं के सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की गई, जिसमें धौलाना तहसील प्रशासन के अधिकारी और स्कूल स्टाफ मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का मार्गदर्शन हल्का लेखपाल अनुज चौधरी और ग्राम प्रधान अतीक अहमद ने किया। एक दिन की एसडीएम बनी राबिया अब्बासी ने



तहसील पहुंचते ही राजस्व से संबंधित शिकायतों की फाइलें देखीं और अधिकारियों से रिपोर्ट ली। उन्होंने गांव आजमपुर की भूमि विवाद और तहसील परिसर में जल निकासी की समस्या को तत्काल प्रभाव से निपटाने के निर्देश दिए। राबिया ने जनसुनवाई के दौरान आए ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और कहा कि ‘प्रशासन का पहला कर्तव्य जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करना है।’ इस दौरान धौलाना एसडीएम मनोज कुमार, एसडीएम शुभम श्रीवास्तव, तहसीलदार प्रवेश कुमार, कासिम और एडवोकेट अमर सिंह गहलोत सहित पूरा प्रशासनिक अमला उपस्थित रहा।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत बेटियों को मिला सुरक्षा का संकल्प

## अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर ने केशव मारवाड़ गर्ल्स डिग्री कॉलेज में छात्राओं को जागरूक किया





● जर्नी ऑफ सक्सैस

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अंतर्गत थाना पिलखुवा क्षेत्र स्थित केशव मारवाड़ गर्ल्स डिग्री कॉलेज में गुरुवार को एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर ने छात्राओं को उनके अधिकारों, कानूनी प्रावधानों और सुरक्षा से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।\ अपर पुलिस अधीक्षक ने छात्राओं को बताया कि राज्य सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा और सहायता के लिए कई सेवाएं शुरू की हैं। उन्होंने विशेष रूप से निम्नलिखित हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी।

वीमेन पावर लाइन झ 1090 : महिलाओं और लड़कियों के उत्पीड़न की शिकायत हेतु। यूपी पुलिस आपातकालीन सेवा झ 112 : हर प्रकार की तात्कालिक मदद के लिए। बाल हेल्पलाइन झ 1098, सीएम हेल्पलाइन झ 1076, और साइबर हेल्पलाइन झ 1930 : त्वरित सहायता के लिए सक्रिय हैं। विनीत भटनागर ने छात्राओं से कहा कि यदि कभी किसी प्रकार की असुरक्षा महसूस हो तो बिना झिझक इन नंबरों पर संपर्क करें। उन्होंने कहा कि ‘पुलिस हमेशा समाज की बेटियों की सुरक्षा के लिए तत्पर है।’

कार्यक्रम में छात्राओं को ऑनलाइन ठगी, फेक प्रोफाइल, सोशल मीडिया हैकिंग और ऑनलाइन ब्लैकमेलिंग जैसे साइबर अपराधों से सतर्क रहने के टिप्स दिए गए। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इंटरनेट के बढ़ते उपयोग के साथ ही अपराध के तरीके भी बदल रहे हैं, ऐसे में युवतियों को तकनीकी रूप से जागरूक रहना चाहिए।

कार्यक्रम में बोलते हुए विनीत भटनागर ने कहा कि मिशन शक्ति केवल एक अभियान नहीं, बल्कि नारी सशक्तिकरण की एक निरंतर यात्रा है। उन्होंने छात्राओं से आत्मरक्षा सीखने और अपने आसपास की अन्य महिलाओं को भी जागरूक करने की अपील की। कॉलेज प्राचार्या एवं शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम में पुलिस विभाग के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की और कहा कि ऐसे आयोजन से छात्राओं में आत्मविश्वास और आत्मरक्षा की भावना बढ़ती है।

अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर ने कहा कि ‘मिशन शक्ति अभियान का असली मकसद महिलाओं और बेटियों में आत्मविश्वास जगाना है।

# लखनऊ में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने मनाया कांशीराम का परिनिर्वाण दिवस

● जर्नी ऑफ सक्सैस

**हापुड़।** बहुजन समाज के प्रणेता और समाज सुधारक कांशीराम जी के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर गुरुवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय, लखनऊ में एक ‘स्मृति सभा’ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी हापुड़ के अध्यक्ष राकेश त्यागी ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पहुंचकर कांशीराम जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

कार्यक्रम में बोलते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि ‘कांशीराम जी ने बहुजन समाज, वंचितों और शोषित वर्गों के अधिकारों की लड़ाई के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने दलितों और कमजोर तबके को न केवल राजनीतिक रूप से बल्कि सामाजिक और आर्थिक रूप से भी सशक्त बनाने का काम किया।’ उन्होंने आगे कहा कि ‘कांशीराम जी का योगदान देश की



सामाजिक न्याय की राजनीति में मील का पत्थर है। आज हम सब कांग्रेसजन उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेते हैं और उनके दिखाए रास्ते पर समाज में समानता और भाईचारे की भावना को मजबूत करेंगे।’ कार्यक्रम में बाराबंकी से सांसद तनुज पुनिया, पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, और पश्चिमी जोन के ऑब्जर्वर कुंवर दानिश अली भी मौजूद रहे। सभी नेताओं ने कांशीराम जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शों को समाज में आत्मसात करने का आ'ान किया। जिला कोषाध्यक्ष भरतलाल शर्मा ने कहा कि ‘कांशीराम जी का परिनिर्वाण दिवस केवल एक स्मृति दिवस नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय की उस मशाल को याद करने का दिन है जो उन्होंने जलाकर हमें सौंपी।

# हाफिजपुर में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ दो बदमाश गोली लगने से घायल, तीन गिरफ्तार

## अवैध तमंचे, चोरी के आभूषण और बाइक बरामद, ताहिर पर दर्ज हैं आधा दर्जन से अधिक मुकदमे

● जर्नी ऑफ सक्सैस

**हापुड़।** थाना हाफिजपुर क्षेत्र में गुरुवार देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए, जबकि तीसरे साथी को मौके से दबोच लिया गया। घटना महमूदपुर नहर किनारे कच्चे रास्ते पर चेकिंग के दौरान हुई। पुलिस ने मौके से दो तमंचे, जिंदा व खोखा कारतूस, चोरी के सफेद धातु के आभूषण, चोरी के उपकरण और एक बाइक बरामद की है।

### आत्मरक्षार्थ की गई पुलिस की जवाबी कार्रवाई

जानकारी के अनुसार, हाफिजपुर पुलिस गुरुवार देर रात इलाके में गश्त







और संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस टीम ने पीछा किया तो बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षार्थ पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें दो बदमाशों ताहिर और सुल्तान के पैर में गोली लगी। तीसरे बदमाश फाजिल को मौके पर ही दबोच लिया गया। घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने मौके से दो अवैध तमंचे, दो जिंदा और दो खोखा कारतूस, चोरी के आभूषण, सर्जिकल ब्लेड, पेंचकस, प्लास और एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की। ताहिर पुत्र इलियास, निवासी ग्राम सलाई थाना हापुड़ देहात, हाल निवासी मोहल्ला सद्दीकपुरा थाना पिलखुवा (घायल) सुल्तान पुत्र शेरदीन, निवासी मोहल्ला सद्दीकपुरा थाना पिलखुवा (घायल) फाजिल पुत्र इलियास, निवासी ग्राम सलाई थाना हापुड़ देहात, हाल निवासी मोहल्ला सद्दीकपुरा थाना पिलखुवा दो अवैध तमंचे (315 बोर) मय दो जिंदा व दो खोखा कारतूस, सफेद धातु के आभूषण बच्चों की आठ कुंडलियां, दो जोड़ी पाजेब, दस जोड़ी बिछुएं और एक तगड़ी, चोरी करने के उपकरण तीन सर्जिकल ब्लेड, दो पेंचकस व एक प्लास, चोरी की मोटरसाइकिल पुलिस जांच में पता चला कि गिरफ्तार ताहिर शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके खिलाफ जनपद मेरठ, मुजफ्फरनगर और हापुड़ में हत्या के प्रयास, लूट, चोरी और आर्म्स एक्ट के तहत आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने थाना हाफिजपुर पुलिस टीम की तत्परता की सराहना की। उन्होंने कहा कि अपराधियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा और जनपद को अपराधमुक्त बनाने के लिए सघन चेकिंग व सर्च ऑपरेशन लगातार चलाए जा रहे हैं। पुलिस टीम ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों के खिलाफ आर्म्स एक्ट और अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# ‘वॉक फॉर एम्पावरमेंट’ में गूंजा संदेश – नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का संकल्प

● जर्नी ऑफ सक्सैस

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर हापुड़ पुलिस ने एक अनूठी पहल की। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह के नेतृत्व में थाना हापुड़ नगर क्षेत्र के रामलीला मैदान में ₹वॉक फॉर एम्पावरमेंट₹ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला पुलिसकर्मियों, स्कूली छात्राओं और शिक्षिकाओं ने भाग लिया। सभी ने एक स्वर में यह संदेश दिया कि ‘सशक्त नारी, सुरक्षित समाज की पहचान है।’ कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बालिकाओं से संवाद करते हुए उन्हें उनके कानूनी अधिकारों, आत्मरक्षा के उपायों और हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी।



उन्होंने बताया कि प्रत्येक बालिका को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए और किसी भी असुरक्षा की स्थिति में तत्परता से पुलिस की मदद लेनी चाहिए। उन्होंने वीमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन सेवा यूपी-112, बाल हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181 और साइबर क्राइम पोर्टल जैसी योजनाओं की जानकारी देते हुए इनके महत्व को समझाया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ‘मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य सिर्फ महिलाओं की सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उन्हें समाज में सम्मान और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। एक सशक्त महिला न सिर्फ अपने परिवार की ताकत होती है, बल्कि वह पूरे समाज की दिशा तय करती है।’ उन्होंने यह भी कहा कि बालिकाओं को शिक्षा के साथ-साथ आत्मरक्षा का प्रशिक्षण लेना चाहिए ताकि वे किसी भी परिस्थिति में स्वयं को सुरक्षित रख सकें।

# श्रीमहंत नारायण गिरि ने त्रिशूर में पेरुवनम महादेव मंदिर, पुन्कुन्नम शिव मंदिर व वडक्कुनाथन मंदिर में पूजा-अर्चना की

## ये तीनों मंदिर केरल के प्रसिद्ध 108 शिव मंदिरों में शामिल हैं

● जर्नी ऑफ सक्सैस



**केरल।** केरल की सात दिवसीय देवदर्शन, अनुष्ठान व धर्मयात्रा के दौरान सिद्धपीठ श्री दूधेश्वरनाथ मठ महादेव मंदिर के पीठाधीश्वर, जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता एवं दिल्ली संत मंडल के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने त्रिशूर के तीन प्रसिद्ध शिव मंदिरों के दर्शन किए। उन्होंने मंदिरों में पूजा-अर्चना कर भगवान शिव से सभी पर अपनी कृपा बनाए रखने की प्रार्थना की। महाराजश्री ने त्रिशूर जिले के पेरुवनम में स्थित पेरुवनम महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा कि ऐसा माना जाता है कि यह मंदिर केरल की उत्पत्ति और परशुराम के आगमन के समय से ही अस्तित्व में है। यह केरल के प्रसिद्ध 108 शिव मंदिरों में से एक है और प्राचीन पेरुवनम गाँव का प्रमुख मंदिर है। यह पश्चिम में भद्रकाली और सुब्रमण्य मंदिरों, उत्तर में संस्था मंदिर, पूर्व में विष्णु मंदिर और दक्षिण में दुर्गा मंदिर से घिरा हुआ है। कहा जाता है कि हस्तिनापुर के राजा ययाति के पुत्र पूरु महर्षि ने यहाँ वन में कठोर तपस्या कर भगवान शिव को प्रसन्न किया था। इसी कारण इस स्थान का नाम पूरुवनम शब्द से लिया गया है। यहाँ के मुख्य देवता भगवान शिव हैं, जिन्हें स्थानीय रूप से एराट्टायप्पन कहा जाता है। इस मंदिर में दो शिवलिंग प्रतिष्ठित हैं और परिसर में प्रतिवर्ष प्रसिद्ध पेरुवनम पूरम उत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने पुन्कुन्नम शिव मंदिर में भी पूजा-अर्चना की, जो भगवान शिव को समर्पित एक प्राचीन मंदिर है। यह त्रिशूर शहर के उपनगर पुन्कुन्नम में स्थित है। मंदिर परिसर में मां पार्वती, भगवान गणपति, अय्यप्पन, पार्थसारथी (भगवान कृष्ण का रूप) और नाग देवताओं के मंदिर भी स्थित हैं। इस मंदिर का प्रशासन कोचीन देवस्वोम बोर्ड द्वारा किया जाता है। इसके बाद महाराजश्री ने त्रिशूर जिले में ही भगवान शिव को समर्पित वडक्कुनाथन मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने बताया कि यह मंदिर केरल की पारंपरिक स्थापत्य शैली का एक उत्कृष्ट उदाहरण है और इसके अंदर महाभारत के विविध प्रसंगों को दशार्ते भित्ति-चित्र आज भी विद्यमान हैं। ऐसा माना जाता है कि यह मंदिर भगवान विष्णु के अवतार परशुराम द्वारा निर्मित प्रथम शिव मंदिर है। वर्ष 2012 में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने केरल के 14 प्रमुख स्थलों – जिनमें वडक्कुनाथन मंदिर और संबंधित महल भी शामिल हैं – को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल करने की सिफारिश की थी। यह मंदिर 108 प्राचीन शिव मंदिरों में प्रथम माना जाता है। शिव मंदिर स्तोत्र में इसका उल्लेख श्रीमद् दक्षिणा कैलासम के रूप में किया गया है, जिसका अर्थ है दक्षिण का कैलाश पर्वत। वडक्कुनाथन मंदिर में शिवलिंग पर सदियों से घी का अभिषेक किया जाता है, जिससे वह अब घी की परतों में आवृत हो चुका है। महाराजश्री ने कहा कि तीनों मंदिरों में भगवान शिव साक्षात विराजमान हैं और जो भक्त सच्चे मन से पूजा-अर्चना करते हैं, भगवान शिव उनकी हर मनोकामना पूर्ण करते हैं।

### श्रीमहंत नारायण गिरि व राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने एलबम का किया विमोचन



**केरल।** सिद्धपीठ श्री दूधेश्वरनाथ मठ महादेव मंदिर के पीठाधीश्वर, जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता एवं दिल्ली संत मंडल के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज व केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने एल्बम कन्ना निन्न थिरुमुन्निल का विमोचन किया। उन्होंने एल्बम कन्ना निन्न थिरुमुन्निल का विमोचन गुरुवयूर में चल रहे ऐतिहासिक ग्लोबल नारायणीयम महोत्सव के उद्घाटन समारोह में किया था। समारोह के मुख्य अतिथि महाराजश्री थे और समारोह का उदघाटन केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने किया था। श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने कहा कि एल्बम कन्ना निन्न थिरुमुन्निल को सी मोहनदास और उनकी कंपनी मोंटेक्स इम्पेक्स लांच कर रही है। महाराजश्री ने भगवान कृष्ण से सी मोहनदास और उनकी कंपनी मोंटेक्स इम्पेक्स पर अपनी कृपा हमेशा बरसाते रहने की प्रार्थना की। सी मोहनदास ऐतिहासिक ग्लोबल नारायणीयम महोत्सव में दिन-रात योगदान कर रहे हैं।

# बेटी आराध्या पाराशर के जन्मदिन पर कांग्रेसी नेता अमित शर्मा ने किया भंडारे का आयोजन







● जर्नी ऑफ सक्सैस

**गाजियाबाद।** कांग्रेस महानगर महासचिव अमित शर्मा ने बेटी आराध्या पाराशर के जन्मदिन के मौके पर भंडारे का आयोजन किया। भंडारे में जर्नी ऑफ सक्सैस के समाचार संपादक अशोक शर्मा, समाजसेवी आदेश शर्मा, मुकुल शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा समेत अनेक लोगों ने पहुंचकर भंडारा वितरित किया एवं प्रसाद ग्रहण किया। जर्नी ऑफ सक्सैस परिवार बेटी आराध्या पाराशर को जन्मदिन के मौके पर बधाईयां एवं आशीर्वाद प्रेषित करता है।

# स्वदेश आगमन पर वीरेंद्र सारस्वत का किया गया स्वागत



● जर्नी ऑफ सक्सैस

**गाजियाबाद।** क्रय बिक्री समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र सारस्वत का लंबी विदेश यात्रा के बाद भारत आने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर आरआरडब्ल्यूए के महामंत्री अमरीश त्यागी एडवोकेट ,राजीव त्यागी नवादा ,भूपेन्द्र चित्तौड़िया एडवोकेट प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने दिए परीक्षा को शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने के आवश्यक दिशा–निर्देश

● जर्नी ऑफ सक्सैस



**गाजियाबाद।** राजकीय कन्या इण्टर कॉलिज विजयनगर के सभागार में 12 अक्टूबर को उ०प्र० लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित पीसीएस एवं वन क्षेत्राधिकारी (प्रा०) परीक्षा के सम्बन्ध में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ की अध्यक्षता में परीक्षा से सम्बन्धित प्रशिक्षण दिया गया। यहां यह भी अवगत कराना है कि इस परीक्षा से सम्बन्धित प्रथम प्रशिक्षण 6 अक्टूबर एवं 8 अक्टूबर को 21 परीक्षा केन्द्रों पर लगे कक्ष निरीक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। केन्द्र व्यवस्थापक सह केन्द्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं सैक्टर मजिस्ट्रेट का प्रथम प्रशिक्षण 4 अक्टूबर को दिया गया एव इनका द्वितीय प्रशिक्षण 9 अक्टूबर को हुआ।

प्रशिक्षण में अपर जिलाधिकारी (नगर), जिला विद्यालय निरीक्षक, एसीपी, आयोग द्वारा नियुक्त प्रतिनिधि ने प्रशिक्षण एवं परीक्षा को शान्तिपूर्ण एवं सुचितापूर्ण सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए गए।

# कांग्रेस महानगर कार्यालय पर काशीराम की 19 वीं पुण्यतिथि मनाई



● जर्नी ऑफ सक्सैस

**गाजियाबाद।** महानगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर दलितों के मसीहा मान्यवर श्रद्धय काशीराम की 19वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर काशीराम के चित्र पर पुष्प फूल चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी।

कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव, अनुसूचित विभाग के महानगराध्यक्ष आशीष प्रेमी, अनूसचित विभाग जिलाध्यक्ष सूर्यकांत, उपाध्यक्ष बिजेंदर जाटव, सुंदर जाटव, राकेश जाटव, एडवोकेट चंद्रपाल, महानगराध्यक्ष त्रिलोक सिंह, जग्गू प्रधान, नसीम बेगम, विनोद शर्मा, रवि शंकर सूर्य, जितेंद्र सेन, राजेश कुमार, नंदकिशोर, हरपाल सिंह, उदयपाल सिंह आदि कांग्रेसियों ने भाग लिया।

# त्योहारों के मद्देनजर खाद्य विभाग की कार्रवाई

## बड़ी संख्या में मिलावटी खादय सामग्री पकड़ी, की गई नष्ट

● जर्नी ऑफ सक्सैस





**गाजियाबाद।** अरविन्द कुमार यादव ने अवगत कराया कि आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उ०प्र० लखनऊ के आदेश एवं जिलाधिकारी के निर्देश पर आगामी दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज पर्व के अवसर पर खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने एवं आमजनमानस को गुणवत्तापरक खाद्य एवं पेय पदार्थों की उपलब्धता के दृष्टिगत जनपद में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की पांच टीमें गठित कर 8 अक्टूबर से लगातार प्रवर्तन कार्यवाही की जा रही है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारियो की टीम द्वारा विभिन्न खाद्य पदार्थो घी, पनीर, मिल्क केक, मोहन भोग मिठाई, खोया बादाम, काजू, किशमिश, सोनपापड़ी के कुल 14 नमूनें संग्रहित किये गये।

113 किग्राम सोनपापड़ी कीमत 45440/-रुपएं को जब्त किया गया तथा 50 किग्रा० खुला फंगस युक्त बादाम कीमत 35000/- रुपए को विनष्ट कराया गया।

उपर्युक्त संग्रहित नमूनों की जांच रिर्पोट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के अनुसार सम्बन्धित के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जायेगी। यह अभियान निरन्तर मिलावटी खाद्य पदार्थों एवं खाद्य कारोबारकताओं के विरूद्ध आगे भी जारी रहेगा।

# आवासीय जमीन के नाम पर एक करोड़ रुपये ठगने का आरोप

## पीड़ित ने जताई आरोपियों के द्वारा हत्या कराए जाने की आशंका

● जर्नी ऑफ सक्सैस

**गाजियाबाद।** सिहानीगेट थाना क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति ने कुछ लोगों पर आवासीय जमीन दिलाने के नाम पर एक करोड़ रुपए की रकम ठगने का आरोप लगाया है। यह भी आरोप है कि आरोपी अब उसकी हत्या की साजिश रच रहे हैं। पीड़ित ने कोर्ट के आदेश पर सिहानीगेट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। कौशलनगर मेरठ रोड सिहानी निवासी वीर सिंह वर्मा ने सिहानीगेट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए सुदर्शन कुमार त्यागी, उपेंद्र कुमार त्यागी, देवेंद्र कुमार त्यागी, अशोक कुमार त्यागी, कपिल शर्मा व राजकुमार त्यागी को आरोपी बनाया है। कोर्ट के आदेश पर दर्ज मुकदमे में पीड़ित ने बताया कि उपरोक्त लोगों ने आवासीय जमीन उपलब्ध कराने की झांसा देकर एक जमीन के फर्जी कागजात दिखाए और कई बार में उससे लगभग एक करोड़ रुपये ठग लिए। फजीर्वाडे का पता चलने पर आरोपी अब उसे धमकी दे रहे हैं। पीड़ित का आरोप है कि उपरोक्त लोग कभी भी उसकी हत्या कर सकते हैं। सिहानीगेट पुलिस का कहना है कि कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# सेवा भारती ने आयोजित किया मेहंदी उत्सव

## 40 स्थानों पर लगाए गये मेहंदी कैम्प

● जर्नी ऑफ सक्सैस



**गाजियाबाद।** सेवा भारती द्वारा मेहंदी उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें गाजियाबाद में लगभग 40 जगह सेवा भारती के मेहंदी कैम्प लगाए गए। सेवा भारती गाजियाबाद के अध्यक्ष यतेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि सेवा भारती द्वारा अभावग्रस्त परिवारों की बालिकाओं को मेहंदी प्रशिक्षण का कोर्स कराया जाता है और उन्हें सर्टिफिकेट भी दिया जाता है। ये परिवारों की बालिकाएं मेहंदी लगाना सिखाकर आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार को अर्थिक सहयोग करती हैं। करवाचौथ के शुभ अवसर पर सेवा भारती से प्रशिक्षित बालिकाओं को अपने हुनर का प्रदर्शन करने के लिए और उन्हें प्रमोट करने के लिए सेवा भारती द्वारा गाज़ियाबाद मे विभिन्न स्थानों पर 2 दिवसीय लगभग 40 मेहंदी कैम्प लगाए गए हैं। प्रकल्प प्रभारी गुरदीप कौर ने बताया कि उक्त केंद्र पर अपने समाज की अधिक से अधिक माता बहन मेहंदी लगवाने आ रही हैं और बहुत आनंद के साथ मेहंदी लगवा रही हैं। सेवा भारती की बच्चियों से मेहंदी लगवा कर सभी बहुत खुश हैं और सभी बच्चों के पैसे के साथ साथ भरपूर आशीर्वाद दे रही हैं और उनका मनोबल बढ़ा रही हैं।

आयोजन की संचालिका शुभ्रा जैन ने बताया कि इस अवसर पर सेवा भारती की बहनों ने विभिन्न प्रकार की सुंदर और पारंपरिक मेहंदी डिजाइनों से महिलाओं के हाथों को सजाया। कार्यक्रम में महामंत्री राजेश गर्ग सीमा भसीन, प्रियंका शर्मा, हंसी साह, योगेश कौशिक, दिनेश शर्मा, रमेश कुमार,आनंद त्यागी, अजय गुप्ता, मुस्कान आदि ने भाग लिया।

# संस्कृति विश्वविद्यालय ने गांवों में फैलाई साइबर जागरूकता

● जर्नी ऑफ सक्सैस

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय के पॉलिटेक्निक विभाग के विद्यार्थियों द्वारा डिजिटल जागरूकता और साइबर सुरक्षा पर ग्रामीण क्षेत्रों में एक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान गावों में कार्यक्रम भी आयोजित किए गए और लोगों की शंकाओं का भी समाधान किया गया।

यह कार्यक्रम छाता, रन्हेरा गाँव और श्री प्रेम चंद्रावती इंटर-कॉलेज की चहल-पहल भरी गलियों में आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों और स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस पहल में डिप्लोमा प्रथम वर्ष के छात्रों राहुल, सचिन, अंकित कुमार, करण सिंह, लखन सिंह, तरुण और निखिल शर्मा द्वारा प्रस्तुत एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने धोखाधड़ी वाले लिंक, ओटीपी शेयरिंग और डिजिटल घोटालों के जोखिमों पर विस्तार से जानकारी दी।

# राजेन्द्रनगर क्षेत्र में अवैध निर्माण को जीडीए ने किया ध्वस्त

● जर्नी ऑफ सक्सैस




**गाजियाबाद।** जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स के अवैध निर्माण/अवैध कालोनियों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के निदेर्शों के क्रम में वीरवार को प्रभारी प्रवर्तन जोन-07 के नेतृत्व में निर्माणकर्ता सुरेश कुमार गदोदिया पुत्र स्व0 बाबूलाल गदोदिया द्वारा भूखण्ड संख्या-8/178ए, सैक्टर-03 राजेन्द्रनगर साहिबाबाद पर स्वीकृत मानचित्र से विचलन कर किये गये अनाधिकृत निर्माण के विरूद्ध वाद के माध्यम से किये गये अवैध निमार्णों के विरूद्ध कारण बताओं नोटिस, कार्य रोको नोटिस एवं पर्याप्त सुनवाई का अवसर प्रदान करते हुये निर्माणकताओं को ध्वस्तीकरण के आदेश भी तामिल किये गये। किन्तु निर्माणकताओं द्वारा कोई सन्तोषजनक उत्तर/साक्ष्य कार्यालय में प्रस्तुत नही किया गया। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के दौरान निर्माणकर्ता द्वारा भारी विरोध प्रकट किया गया। परन्तु प्राधिकरण पुलिस बल द्वारा उन्हे नियन्त्रित कर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही जारी रखी गयी। स्थल पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता एवं प्रवर्तन जोन-07 के समस्त स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की उपस्थिति में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। आगामी माह में भी ध्वस्तीकरण/सील की कार्यवाही किये जाने का अभियान जारी रहेगा।

# समग्र शिक्षा के तहत जिला स्तरीय विज़ान प्रर्दशनी का दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित

## प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा, कृत्रिम बुद्धिमता, कृषि तकनीक, जैसे विषयों पर अपने मॉडल प्रदर्शित किये

● जर्नी ऑफ सक्सैस



**गाजियाबाद।** राजकीय इण्टर कॉलिज, नन्दग्राम में समग्र शिक्षा के अन्तर्गत जिला स्तरीय विज्ञान प्रर्दशनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में जनपद गाजियाबाद उ०प्र० बोर्ड के विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपने नवाचारपूर्ण मॉडल एवं प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम का उद्घाटन जिला विद्यालय निरीक्षक डा. धर्मेन्द्र शर्मा ने किया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा, कृत्रिम बुद्धिमता, कृषि तकनीक, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जैसे विविध विषयों पर अपने मॉडल प्रदर्शित किए।

जनपद के विभिन्न विद्यालयों से आए विद्यार्थियों की प्रतिभा एवं रचनात्मकता की सभी ने सराहना की। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल द्वारा सर्वश्रेष्ठ मॉडलों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान चयन किया गया। इसमें तीन जूनियर वर्ग एवं तीन सीनियर वर्ग में प्रथम विजेता रुपए 4000/–, द्वितीय विजेता 3000/-, तृतीय विजेता 2000/- के साथ ही पांच जूनियर वर्ग में एवं पांच सीनियर वर्ग में सांत्वना पुरस्कार रू0 500/- की नगद धनराशि जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा प्रदान की गई।

विद्यालय के प्रधानाचार्य जय सिंह यादव ने प्रदर्शनी में सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, अनुसंधान भावना एवं नवाचार की प्रवृति को बढ़ावा देते हैं।

जिला स्तर विज्ञान प्रर्दशनी में प्रतियोगिताओं में सीनियर वर्ग में प्रिंस, हंस इं का. मुरादनगर, प्रथम, श्वेता, सुशीला देवी कन्या इण्टर कॉलेज, द्वितीय, सुशीला देवी कन्या इण्टर कॉलेज, द्वितीय, प्रिया राजकीय कन्या इ०का० विजय नगर, महिमा, राजकीय कन्या इ०का० बिजय नगर, तृतीय व जूनियर वर्ग में दीक्षा सुशीला देवी कन्या इण्टर कॉलेज,प्रथम, पूर्वा, सुशीला देवी कन्या इण्टर कॉलेज, प्रथम, वासू श्री सनातन धर्म इ०का०, द्वितीय, सुजल चौधरी श्री सनातन धर्म इ०का०, सोफिया पी.एम.श्री. इण्टर कॉलेज कलछीना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# खेलों से आत्मनिर्भर और सशक्त होगा नया उत्तर प्रदेश: मुख्यमंत्री

## झांसी में विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश के 36वें क्षेत्रीय खेलकूद के समापन समारोह में शामिल हुए सीएम योगी






● जर्नी ऑफ सक्सैस

**झांसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झांसी की ऐतिहासिक धरती से प्रदेश के खिलाड़ियों को आत्मनिर्भरता और सफलता का मंत्र दिया। विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित 36वें क्षेत्रीय खेलकूद समारोह में पहुंचे सीएम योगी ने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि ह्लस्वस्थ शरीर ही धर्म और राष्ट्र निर्माण का आधार हैह्व। इस अवसर पर उन्होंने भानी देवी गोयल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मिनी स्टेडियम निर्माण की घोषणा की और कहा कि खेल अब केवल शौक नहीं, बल्कि जीवन को संवारने का सशक्त माध्यम बन चुका है। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के शौर्य और पराक्रम की धरती पर विद्या भारती के 36वें क्षेत्रीय खेलकूद समारोह में शामिल होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। विद्या भारती देश में भारतीय परंपरा, संस्कृति और राष्ट्रीयता के प्रति श्रद्धा जगाने वाली अग्रणी संस्था है। 1952 में गोरखपुर में नानाजी देशमुख द्वारा स्थापित इस संस्था ने आज देशभर में 25,000 से अधिक शिक्षण-प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से भारतीय मूल्यों को बढ़ावा दिया है। उन्होंने विद्या भारती के प्रथम छात्र देवेंद्र सिंह को सम्मानित करते हुए कहा कि यह संस्था बिना सरकारी सहयोग के राष्ट्रीय आदर्शों को जीवंत रखने में सफल रही है। उन्होंने कहा कि झांसी की यह धरती राष्ट्रीयता और शौर्य की प्रेरणा देती है। विद्या भारती के प्रयास देश को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

### सीएम योगी ने गिनाई विद्या भारती की उपलब्धियां

ीएम योगी ने विद्या भारती की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि आज यह संस्था भारत की परंपरा और संस्कृति को मजबूत करने वाली अग्रणी शक्ति बन चुकी है। 1952 में गोरखपुर की धरती पर राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख द्वारा बोए गए बीज से आज देशभर में 25,000 से अधिक शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थान संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद देश में सेक्युलर दिखाने की होड़ ने भारतीय मूल्यों को हाशिए पर धकेला, लेकिन विद्या भारती ने बिना सरकारी सहयोग के गाँव से शहर और वनवासी क्षेत्रों तक शिक्षा का राष्ट्रीय मॉडल खड़ा किया।

### कार्यक्रम में बुंदेली राई नृत्य की प्रस्तुति ने दर्शकों का मोहा मन

समारोह में सांस्कृतिक रंग भी देखने को मिला। बुंदेली राई नृत्य की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। खेलों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले शीलू यादव, आदेश सिंह, शहंशाह, बसंत कुमार गोला और संध्या राजपूत को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में अनुशासन ट्रॉफी गोरक्ष प्रांत ग्रामीण की टीम को प्रदान की गई, जबकि ओवर ऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी काशी प्रांत नगरीय की टीम ने अपने नाम की।

### प्रदेश सरकार ने मेरठ में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी स्थापित की है - सीएम

सीएम योगी ने कहा कि आज इस वीरभूमि में पहुंचकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। रानी लक्ष्मीबाई ने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में 'मेरी झांसी गुलाम नहीं होगी' का संदेश दिया और 23 वर्ष की आयु में बलिदान दे दिया। मेजर ध्यानचंद ने हॉकी में भारत को दो बार ओलंपिक स्वर्ण पदक दिलाया। आज उनके नाम पर भारत सरकार ने खेल रत्न पुरस्कार और प्रदेश सरकार ने मेरठ में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी स्थापित की है।

उन्होंने कहा कि विद्या भारती से जुड़े खिलाड़ियों ने कॉमनवेल्थ, एशियन गेम्स, ओलंपिक और पैरालंपिक तक में पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया है। ओलंपियन पद्मश्री सुधा सिंह, ओलंपियन निषाद कुमार, शैली सिंह, आदेश सिंह जैसे खिलाड़ी इसी संस्थान से निकले हैं।

### आज उत्तर प्रदेश के नागरिकों को पहचान का संकट नहीं है: मुख्यमंत्री

सीएम योगी ने खेल को सर्वांगीण विकास का माध्यम बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए स्वस्थ और सशक्त नागरिक जरूरी है। 'शरीर माध्यम खलु धर्म साधनम्' का मंत्र हमारे ऋषियों ने दिया। 2017 से पहले उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य था, लेकिन पिछले 8.5 वर्षों में यह देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है और जल्द ही नंबर एक बनेगा। सीएम योगी ने कि आज उत्तर प्रदेश के नागरिकों को पहचान का संकट नहीं है। अब जब कोई कहता है कि वह यूपी से है।

### देश सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं संचालित कर रही है - सीएम योगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं संचालित कर रही है। हर गांव में खेल मैदान, विकासखंड में मिनी स्टेडियम, जनपद में स्टेडियम और नगरों में ओपन जिम बनाए जा रहे हैं। खेलो इंडिया, फिट इंडिया और सांसद खेलकूद प्रतियोगिताएं युवाओं को प्रोत्साहित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में 500 खिलाड़ियों को सीधे सरकारी नौकरियों से जोड़ा गया है। आगामी भर्तियों में डिप्टी एसपी, तहसीलदार, कानूनगो और खेल अधिकारी जैसे पदों पर सीधी नियुक्तियां की जाएंगी।

### खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि के साथ रोजगार से भी जोड़ रही सरकार - सीएम योगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार ने अब तक 500 खिलाड़ियों को सीधे सरकारी नौकरी दी है। उन्होंने खेल पदक विजेताओं के लिए इनामी राशि का भी उल्लेख किया।

### सीएम योगी ने खेलों में विद्या भारती की गिनाई उपलब्धियां

मुख्यमंत्री ने गर्व से बताया कि विद्या भारती के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है। 2006 में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने विद्या भारती को मान्यता दी। 2010 में संस्था को फेयर प्ले अवार्ड मिला। 2016 में स्वच्छता ट्रॉफी और 2018 में मेडल अपग्रेडेशन अवार्ड प्राप्त हुआ। 2019-20 में खिलाड़ियों ने 80 स्वर्ण, 86 रजत और 201 कांस्य पदक जीतकर कुल 367 पदकों के साथ राष्ट्रीय स्तर पर छठा स्थान पाया।

ओलंपिक (एकल खेल)
स्वर्ण पदक: 6 करोड़
रजत पदक: 4 करोड़
कांस्य पदक: 2 करोड़

ओलंपिक (टीम खेल)
स्वर्ण पदक: 3 करोड़
रजत पदक: 2 करोड़
कांस्य पदक: 1 करोड़

एशियाई खेल
स्वर्ण: 3 करोड़
रजत: 1.5 करोड़
कांस्य: 75 लाख

कॉमनवेल्थ खेल
स्वर्ण: 1.5 करोड़
रजत: 75 लाख
कांस्य: 50 लाख

वर्ल्ड कप चैंपियनशिप
स्वर्ण: 1.5 करोड़
रजत: 75 लाख
कांस्य: 50 लाख

सेफ गेम्स और नेशनल गेम्स (एकल)
स्वर्ण: 6 लाख
रजत: 4 लाख
कांस्य: 2 लाख

नेशनल गेम्स (टीम)
स्वर्ण: 2 लाख
रजत: 1 लाख
कांस्य: 50 हजार

इसके अलावा ओलंपिक प्रतिभागी खिलाड़ियों को 10 लाख और कॉमनवेल्थ व एशियन खेल प्रतिभागियों को 5 लाख की प्रोत्साहन राशि। लक्ष्मण पुरस्कार (पुरुष) और रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार (महिला) से सम्मान। अर्जुन पुरस्कार, द्रोणाचार्य पुरस्कार, खेल रत्न पुरस्कार पाने वाले खिलाड़ियों को 20,000 मासिक सहायता। वृद्धावस्था में खिलाड़ियों को 4,000 से 10,000 मासिक पेंशन।

### खेल आत्मनिर्भरता और प्रेरणा का माध्यम बन चुके हैं - मुख्यमंत्री

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब खेल को समय और धन का अपव्यय नहीं समझा जाना चाहिए। आज खेल आत्मनिर्भरता और प्रेरणा का माध्यम बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी चाहे पदक जीते या न जीते, उसका जज्बा ही उसे आगे सफलता की ओर ले जाता है।

### भानी देवी गोयल सरस्वती विद्या मंदिर के प्रांगण में बनेगा मिनी स्टेडियम

उन्होंने भानी देवी गोयल सरस्वती विद्या मंदिर के प्रांगण की सराहना करते हुए कहा कि यहां मिनी स्टेडियम बनाया जाएगा, ताकि भविष्य में खेल आयोजनों को और बेहतर ढंग से आयोजित किया जा सके। सीएम योगी ने विद्या भारती के 49 जनपदों से आए 450 प्रतिभागियों के जज्बे की प्रशंसा की और कहा कि हार-जीत से परे एक खिलाड़ी का ह ासला उसे विजयश्री दिलाता है।

---

# अयोध्या में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने परिवार संग की प्रभु श्रीरामलला की आरती

## श्रीराम दरबार, मां दुर्गा और महादेव के किए दर्शन, कुबेर टीला पर किया अभिषेक

**मंदिर दर्शन**

- ट्रस्ट महामंत्री चम्पत राय ने कराया मंदिर परिसर का भ्रमण, दी विस्तृत जानकारी
- आस्था, श्रद्धा और भव्यता के संगम में डूबी रामनगरी अयोध्या

● जर्नी ऑफ सक्सैस




**अयोध्या।** भारत की सांस्कृतिक राजधानी कही जाने वाली प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में गुरुवार का दिन अत्यंत पावन रहा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने परिवार संग प्रभु श्रीरामलला की आरती उतारी और श्रीराम दरबार व जगज्जननी मां दुर्गा के दर्शन किए। इस अवसर पर उन्होंने कुबेर टीला स्थित देवाधिदेव महादेव का रुद्राभिषेक भी किया। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने वित्त मंत्री को मंदिर परिसर का भ्रमण कराया और निर्माण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। निर्मला सीतारमण ने मंदिर के भव्य स्वरूप को देखकर आस्था और गर्व की भावना व्यक्त की।

### अयोध्या के आध्यात्मिक तेज में डूबी वित्त मंत्री

आरती के दौरान श्रीरामलला का दरबार भक्ति रस से सराबोर हो उठा। सरयू तट से आती मंद बयार और मंदिर प्रांगण में गूंजते भजनों ने वातावरण को और भी पवित्र बना दिया। वित्त मंत्री ने दीप प्रज्ज्वलन के बाद आरती में शामिल श्रद्धालुओं के साथ ह्लजय श्रीरामह्व का उद्घोष किया।

### अयोध्या का गौरव बना विश्व का आध्यात्मिक केंद्र

अयोध्या अब केवल एक नगर नहीं, बल्कि भारत की आस्था, संस्कृति और सभ्यता का जीवंत प्रतीक बन चुकी है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण पूरा होने के बाद से देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है।

यहां आने वाले हर श्रद्धालु को रामायणकालीन इतिहास और आधुनिक भव्यता का संगम देखने को मिलता है।

### ट्रस्ट ने किया स्वागत

श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से वित्त मंत्री का पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर की सुरक्षा, दर्शन व्यवस्था और विकास योजनाओं पर भी चर्चा हुई। उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और कृषि मंत्री व अयोध्या जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कार्यक्रम में भाग लिया।

---

# सीएम योगी के सम्मान देने से बढ़ा खिलाड़ियों का हौंसला

## पदक विजेता बेटियों ने कहा - अब देश के लिए जीतेंगे मेडल

● जर्नी ऑफ सक्सैस



**झांसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झांसी की धरती पर न केवल खेलों को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का संकल्प दोहराया, बल्कि अपनी प्रेरणादायक उपस्थिति से युवा खिलाड़ियों के सपनों को पंख भी लगा दिए। विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश के 36वें क्षेत्रीय खेलकूद समारोह के समापन अवसर पर सीएम योगी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों को को सम्मानित किया। इन खिलाड़ियों के चेहरे पर चमकते आत्मविश्वास और आंखों में जगमगाते सपनों ने साबित कर दिया कि योगी सरकार का खेल को बढ़ावा देने की नीति न केवल बुनियादी ढांचा मजबूत कर रहा है, बल्कि युवा पीढ़ी को राष्ट्रीय पटल पर चमकाने का मंत्र भी दे रहा है।

रुद्रिका सिंह, तारा देवी इंटर कॉलेज की होनहार छात्रा हैं, जिन्हें इस साल खेलो इंडिया में मेडल जीतने के लिए सम्मानित किया गया। रुद्रिका ने उत्साह से कहा कि मैं बहुत खुश हूं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में खेल का ऐसा अच्छा माह ाल बनाया है कि हर सपना साकार लगता है। आगे मैं और मेहनत करूंगी, जिससे देश के लिए खेलने का मौका मिले और मैं अपने देश व प्रदेश का नाम रोशन कर सकूं। इसी समारोह में संध्या राजपूत, महाराजा अग्रसेन सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की तेजतर्रार धाविका ने अपनी उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि मेरी 3000 मीटर और 1500 मीटर दौड़ की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आया। पिछले साल एसडीएफआई के अंडर 14 प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल किया।

आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुझे सम्मानित किया, मैं बहुत खुश हूं। यहां खेल का अच्छा माह ाल है, आगे देश के लिए मेडल जीतना चाहती हूं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धूम मचाने वाली शीलू यादव, सरस्वती विद्या मंदिर की बेस्ट खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा कि मैं साउथ कोरिया में मेडल जीती हूं। मैं एक अंतरराष्ट्रीय मेडलिस्ट हूं। यहां झांसी में सरस्वती विद्या मंदिर में पढ़ती हूं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज यहां सम्मानित किया है। मैं बहुत खुश हूं, आगे देश के लिए और मेडल जीतना चाहती हूं। काशी प्रांत की ओवरऑल चैंपियनशिप विजेता पल्लवी सिंह ने कहा कि इस सम्मान से मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है। मैं मुख्यमंत्री को धन्यवाद देती हूं। उन्होंने कहा कि सीएम योगी ने प्रदेश में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया है। वह केवल पदक ही नहीं बांटते हैं, बल्कि युवाओं के ह ासले को भी मजबूत करते हैं।

---

# सपा मुखिया को संतों, सामाजिक न्याय के पुरोधाओं में सांप्रदायिकता दिखती है और दंगाइयों में शांति के दूत नजर आते हैं: योगी

## मुख्यमंत्री ने जालौन को दी 1900 करोड़ से अधिक की 305 विकास परियोजनाओं की सौगात

● जर्नी ऑफ सक्सैस



**जालौन।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जालौन की धरती पर समाजवादी पार्टी और उनके नेताओं को खूब धोया। सपा मुखिया अखिलेश यादव उनके निशाने पर रहे।

सीएम ने बताया कि आज सपा मुखिया के बयान को पढ़ रहा था, उन्हें भारत के सामाजिक न्याय के पुरोधाओं और संत परंपरा में सांप्रदायिकता दिखती है और दंगाइयों में शांति के दूत नजर आते हैं, लेकिन डबल इंजन सरकार ने दंगा-फसाद करने वाले शांति के कथित दूतों, बेटियों व व्यापारी के सामने सुरक्षा का संकट खड़ा करने वालों की जगह बता दी है। यह भी तय कर दिया गया है कि दंगा और दंगाई, अपराध-अपराधियों के साथ खड़े होने वालों की जगह कहां होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने गुरुवार को 1900 करोड़ से अधिक की 305 विकास परियोजनाओं की सौगात जालौनवासियों को दी। साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित भी किया। सीएम ने दीपावली से पहले इन योजनाओं के लिए जालौन वासियों को शुभकामनाएं दीं।

सीएम ने कहा कि प्रदेश में त्योहार चल रहे हैं। कुछ लोगों को गलतफहमी हुई। उन्हें लगा कि जैसे सपा सरकार के समय उनके द्वारा उत्सव-त्योहारों के पहले दंगा किया जाता था, हिंदुओं के उत्साह पर पानी फेरने का कार्य होता था, यही कार्य वे अब भी कर लेंगे, लेकिन वे भूल गए कि यह भाजपा की डबल इंजन की सरकार है। यह सरकार दंगाइयों के सामने नाक नहीं रगड़ती, बल्कि दंगाइयों को नाक रगड़वाकर त्योहारों के उत्साह को सुरक्षा व सम्मान के साथ आगे बढ़ाती है। 2017 के पहले त्योहारों में दंगाई उत्साह को भंग करते थे।

सीएम ने कहा कि सपा को सामाजिक न्याय के पुरोधाओं के स्मारक अच्छे नहीं लगते थे। वे इन्हें तोड़ने की बात करती थी। समाजवादी पार्टी ने सत्ता में आते ही सामाजिक न्याय व दलित उत्थान से जुड़े महापुरुषों के नाम पर बने स्मारकों को समाप्त करने की घोषणा की थी। समाजवादी पार्टी ने 2012 में सत्ता में आते ही प्रदेश में एक जनपद, एक माफिया पैदा करके अराजकता फैलाना प्रारंभ कर दिया था।

यह लोग नौजवानों के रोजगार पर डकैती और बेटी की सुरक्षा पर सेंध लगाते थे। उस समय इनके नेता कहते थे कि लड़के हैं, गलती कर देते हैं। जिस समाजवादी आंदोलन को डॉ. राम मनोहर लोहिया, आचार्य नरेंद्र देव, जनेश्वर मिश्र, मोहन सिंह जैसे चिंतकों ने ऊंचाई दी थी, वह सपा आज गुंडे, पेशेवर माफिया व अपराधियों का जमावड़ा बन गई है। 2017 के पहले भी लोग कहते थे कि देख सपाई, बिटिया घबराई। यह भी कहते थे कि जिस गाड़ी में सपा का झंडा, देखो होगा सपा का गुंडा। यह लोग गरीबों को लूट रहे थे। राशन, मकान, शौचालय, राहत कार्य, विकास, रोजगार नहीं मिल रहा था। डबल इंजन सरकार को आपने समर्थन दिया तो प्रदेश में गरीब उत्थान के अनेक कार्य हुए।

### यहां के लहलहाते खेतों को सबसे उर्वरा भूमि के रूप में बदलेंगे

जालौन ऋषि जलवान की पावन साधना स्थली और भगवान वेदव्यास की पावन स्थली है। इसका पौराणिक महत्व है। फिरंगियों के दांत खट्टे करने में कालपी के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। कालपी के हस्तशिल्पियों द्वारा हैंडमेड कागज जनपद को नई पहचान दिलाती है। ओडीओपी के माध्यम से हमने उसे अलग पहचान दिया है। जालौन की विशेषता है कि यहां पांच नदियां (यमुना, चंबल, सिंध, क्वारी व पहूज) पंचनदा के रूप में हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे जालौन जनपद के बीच से निकली है तो पंचनदा का प्रोजेक्ट भी बनाकर जालौन जनपद के लहलहाते खेतों को सबसे उर्वरा भूमि के रूप में बदलेंगे। सीएम ने नागरिकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आपने सम-विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए विकास के साथ सोच रखने वाले जनप्रतिनिधियों को विजयी बनाने में योगदान दिया। उन्हीं जनप्रतिनिधियों के परिश्रम के कारण 1900 करोड़ की परियोजना जालौन को उपहार के रूप में प्राप्त हो रही है।

# डीपीएस स्कूल समेत कई स्थानों पर पुलिस टीम ने किया जागरूक

## छात्राओं और शिक्षिकाओं को आत्मरक्षा व सशक्तिकरण की दी जानकारी

● जर्नी ऑफ सक्सैस





**गाजियाबाद।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत कमिश्नरेट में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान मिशन शक्ति टीम, पिंक बूथ और एंटी रोमियो स्क्वाड की टीम के साथ महिला पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं और छात्राओं को जागरूक किया और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी।

बुधवार को सिटी जोन में एसीपी नंदग्राम उपासना पांडेय टीम के साथ डीपीएस राजनगर पहुंची। उन्होंने स्कूल की छात्राओं महिला स्टाफ को सुरक्षा, आत्मरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के बारे में जागरूक करते हुए प्रदेश सरकार की विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्राची चौधरी वामा सारथी पुलिस एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की सचिव मौजूद रही। उन्होंने महिला सशक्तीकरण के संबंध मे महत्वपूर्ण जानकारी दी।

एसीपी नंदग्राम ने छात्राओं को किसी भी प्रकार की असुविधा या अपराध, असुरक्षा या समस्या होने पर तुरंत पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 181, 1930 आदि के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई।

इस दौरान पंफलेट का वितरण भी किया गया। ट्रांस हिंडन जोन में पिंक बूथ पुलिस टीम मोहन, नगर एंटी रोमियो स्क्वाड थाना साहिबाबाद की टीम ने शहीद भगत सिंह स्कूल में महिलाओं और छात्राओं को महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण से संबंधित जानकारी प्रदान दी।

महिलाओं व छात्राओं को बैड टच के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इसके अलावा ग्रामीण जोन, सिटी जोन और ट्रांस हिंडन जोन की पुलिस ने अपने अपने क्षेत्र के स्कूलों समेत अन्य स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाया।

# करवाचौथ के उपलक्ष्य में मिलन सभा का आयोजन





● जर्नी ऑफ सक्सैस

**गाजियाबाद।** अखिल भारतीय वैश्य अग्रवाल महासभा की महिला सभा की ओर से करवाचौथ पर्व के उपलक्ष्य में एक विशेष सभा का आयोजन नेहरू नगर में किया गया। सभा की अध्यक्षता डॉ. मधु पोद्दार ने की। महिला सभा की अध्यक्षा भारती गर्ग ने उनका अभिनंदन किया।

इस मौके पर भारती गर्ग ने कहा कि करवा चौथ का पर्व सभी सुहागन महिलाओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। सभी महिलाएं अपने परिवार की खुशहाली और पति की लम्बी आयु के लिए व्रत रखती है , पूजा करती हैं।

ईश्वर सभी बहनों की मनोकामना पूरी करें। इस मौके पर सभी महिलाओं के लिए तरह तरह के गेम भी आयोजित किए गए, जिसमें सभी ने बढ़ चढ़ कर भागीदारी की तथा भरपूर आनंद लिया।

विजेताओं को संस्था की अध्यक्षा श्रीमती गर्ग की ओर से उपहार प्रदान किए गए। इस अवसर पर मिथलेश गुप्ता, अमिता गोयल, रेखा अग्रवाल, राजबाला गोयल, रेनू गर्ग, उषा गर्ग, लता मित्तल, दीपा, रजनी गुप्ता, गीता गोयल, बीना, अल्पना अग्रवाल, रूपल गर्ग आदि अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।

# हरसांव पुलिस लाइन के सामने युवक से की लूट

## पीड़ित ने दर्ज कराया मुकदमा

**नकदी लूटी**

- लघुशंका कर रहे युवक से बदमाशों ने लूटी साढे नौ हजार की नकदी



● जर्नी ऑफ सक्सैस

**गाजियाबाद।** पुलिस लाईन हरसांव के सामने लघुशंका करने के दौरान बदमाशों ने एक युवक ने साढे नौ हजार रुपये की नकदी लूट ली। 17 सितंबर को हुई घटना की पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पीड़ित ने पुलिस आयुक्त से शिकायत की, तब जाकर मुकदमा दर्ज हुआ। निवाड़ी थाना क्षेत्र स्थित कुम्हैड़ा निवासी सतवीर की तरफ से मुकदमा दर्ज कराया गया है। सतवीर ने पुलिस को बताया कि 17 सितंबर की रात वह ससुराल से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह हरसांव पुलिस लाइंस के सामने पहुंचे तो वह साइड में रुककर एक खोखे के पास टॉयलेट करने लगे। तभी वहां पर दो बदमाशों ने उन्हें पीछे से पकड़ लिया और मारपीट कर उनसे 9400 रुपये छीन लिए। इसके बाद उन्होंने किसी की मदद से पुलिस को सूचना दी। पीड़ित के अनुसार सूचना पर पहुंची पुलिस ने वीडियो बनाकर बयान लिए और कार्रवाई का आश्वाशन देते हुए कहा कि वह फोन करके सूचित कर देंगे। काफी समय बीतने के बाद भी मुकदमा दर्ज नहीं होने पर पीड़ित ने पुलिस आयुक्त से शिकायत की। कविनगर पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# पिलखुवा में यातायात समस्या के निवारण के लिए प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक

## चेयरमैन विभु बंसल ने बैठक में लिया हिस्सा

● जर्नी ऑफ सक्सैस





**पिलखुवा।** नगर पालिका परिषद क्षेत्र के अंतर्गत उत्तर रेलवे द्वारा परतापुर बाईपास पर रेलवे संपर्क संख्या 85-सी पर अंडरपास निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इस निर्माण के कारण मोदीनगर दिशा से आने वाले भारी एवं हल्के वाहन नगर क्षेत्र से होकर नेशनल हाईवे पर जाने को विवश हैं, जिससे नगर के मुख्य मार्गों – गाजियाबाद रोड, दिल्ली रोड एवं पिलखुवा बाजार क्षेत्र में प्रतिदिन भीषण जाम की स्थिति बन रही है।

छात्रों, व्यापारियों एवं आम नागरिकों को हो रही लगातार परेशानी के समाधान के लिए नगर पालिका परिषद पिलखुवा के कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता उपजिलाधिकारी मनोज सिंह ने की। बैठक में कोतवाल स्वप्निल पाटनीस, क्षेत्राधिकारी अनीता चौहान, अधिशासी अधिकारी इंदरपाल सिंह, नगर के प्रमुख व्यापारी प्रवीण मित्तल, सुबोध गुप्ता सहित अन्य नागरिक एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में नगर के भीतर वैकल्पिक मार्ग निर्धारण, यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल की अतिरिक्त तैनाती, तथा अंडरपास निर्माण अवधि में भारी वाहनों के प्रवेश पर नियंत्रण जैसे बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विभु बंसल ने कहा कि नगर में लगातार बढ़ रहे जाम की समस्या से नागरिकों को राहत दिलाने के लिए प्रशासन, पुलिस और पालिका संयुक्त रूप से कार्ययोजना बना रहे हैं। अंडरपास निर्माण हमारे क्षेत्र के विकास का प्रतीक है, लेकिन इसके चलते जनता को असुविधा न हो, यह हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पालिका अध्यक्ष ने यह भी बताया कि शीघ्र ही नगर के प्रमुख चौराहों पर अस्थायी यातायात संकेतक एवं दिशा बोर्ड लगाए जाएंगे, ताकि वाहनों का सुचारू आवागमन सुनिश्चित हो सके।

# राजनगर एक्सटेंशन में बदहाल सड़कों को लेकर अधिवक्ताओं ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन



● जर्नी ऑफ सक्सैस

**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में बारिश के कारण सड़कों की हुई दुर्दशा, गड्ढों, गंदगी और जलभराव की समस्या से आमजन बुरी तरह परेशान हैं । क्षेत्र की इन गंभीर समस्याओं को लेकर राजनगर एक्सटेंशन निवासी अधिवक्ता विष्णु कुमार गुप्ता- मानवाधिकार कार्यकर्ता, ब्रह्मदेव त्यागी और संतराज चौहान द्वारा आज दिनांक 09-10-25 को जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा गया । ज्ञापन की प्रति गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए), नगर निगम गाज़ियाबाद तथा नगर विकास विभाग लखनऊ को भी प्रेषित की गई है । मानवाधिकार कार्यकर्ता अधिवक्ता विष्णु कुमार गुप्ता का कहना है कि विगत हाल में लगातार बारिश से क्षेत्र में सड़कों की हालत बेहद खराब हो गई है। जगह-जगह गहरे गड्ढे, कीचड़ और जलभराव के कारण लोगों का चलना-फिरना-निकलना मुश्किल हो गया है । प्रशासन को तत्काल कार्यवाही करनी चाहिए ताकि आमजन को राहत मिल सके। प्रशासन से जल्द कार्रवाई कर सड़कों की मरम्मत, जल निकासी और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की गई है, जिससे आमजन को राहत मिल सके और किसी भी आकस्मिक दुर्घटना से बचाव हो सके।

# यशोदा अस्पताल की टीम ने महिला पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को किया जागरूक

## स्वास्थ्य को लेकर दी गई जानकारी, ऑडिटोरियम में हुआ कार्यक्रम














● जर्नी ऑफ सक्सैस

**गाजियाबाद।** मिशन शक्ति अभियान को लेकर प्रदेश सरकार के निर्देश पर जहां पूरे प्रदेश में पुलिस की टीमें महिलाओं, युवतियों व छात्राओं को जागरूक कर रही हैं तो वहीं गुरूवार को यशोदा अस्पताल नेहरूनगर की टीम ने महिला पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम का आयोजन एक ऑडीटोरियम में आयोजित किया गया।

मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत गुरूवार को महिला सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के लिए यशोदा हॉस्पिटल नेहरू नगर की ने महिला पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान यशोदा की टीम ने स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी देते हुए सावधानी बरतने के बारे में बताया।

जागरूकता कार्यक्रम में एसीपी नंदग्राम उपासना पाण्डेय, एसीपी महिला अपराध सलोनी अग्रवाल व कमिश्नरेट गाजियाबाद के समस्त थानों पर नियुक्त महिला पुलिस अधिकारी व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# बाइक हटाने को कहने पर कई लोगों ने किया हमला

**गाजियाबाद (जर्नी ऑफ सक्सैस)।** खोड़ा निवासी महिला ने कुछ लोगों के खिलाफ पुलिस से शिकायत की है। आरोप है कि प्लॉट पर निर्माण कार्य कराने के दौरान रास्ते में खडी बाइक हटाने को कहने पर उनके पति पर आरोपियों ने हमला कर दिया और मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। खोडा कालोनी निवासी शशि देवी का कहना है कि उसके पति गोकुलधाम गउशाला में काम करते हैं। बीती 5 अक्टूबर को वह अपने प्लाट पर निर्माण कार्य करा रहे थे। आरोप है कि उनके पति ने रास्ते में खड़ी बाइक को हटाने के लिए कहा तो अरविंद, धमेंद्र, पिंटू, राजेश, जितेंद्र, वाल्मिकी प्रसाद, नीलम और अन्य ने उन समेत पति रविंद्र और बेटे सागर पर हमला कर दिया।

हमले में वह लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने उन्हें दिल्ली अस्पताल में भर्ती कराया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# वर्दीधारियों संग आया व्यक्ति धोखाधड़ी करके फरार

**गाजियाबाद (जर्नी ऑफ सक्सैस)।** सिहानीगेट थाना क्षेत्र स्थित पीले क्वार्टर निवासी व्यक्ति ने वर्दीधारियों के साथ आए व्यक्ति पर धोखाधड़ी से गाड़ी ले जाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि आरोपी गाडी को शालीमार गार्डन थाने ले जाने की बात कहकर ले गए थे। अब आरोपी फोन पर उसे गाडी मांगने पर जाने से मारने की धमकी दे रहा है। लोहियानगर स्थित पीले क्वार्टर निवासी महेश कुमार ने गजेंद्र सिंह निवासी जहांगीराबाद बुलंदशहर व दो अन्य अज्ञात पुलिस की वदीर्धारी लोगों के खिलाफ सिहानीगेट थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। महेश कुमार ने पुलिस को बताया कि 25 मई को गजेंद्र उनके पास वदीर्धारी दो लोगों के साथ आया था और ट्राई करने के बहाने चाबी लेकर गाडी ले जाते हुए यह कहते हुए चले गए कि गाडी को शालीमार गार्डन लेकर जा रहे हैं, वहीं से गाडी ले जाना।

# जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल इंदिरापुरम में अग्नि सुरक्षा पर कार्यशाला का आयोजित





● जर्नी ऑफ सक्सैस

**गाजियाबाद।** जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल इंदिरापुरम में वीरवार को अग्नि सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला दि एजुकेशन एकेडमी के सहयोग से आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में अग्नि सुरक्षा, रोकथाम के उपायों तथा आपातकालीन परिस्थितियों में सतर्कता और तत्परता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यशाला का संचालन राहुल पाल (चीफ फायर स्टेशन ऑफिसर, वैशाली) एवं मूलचंद सिंह (फायर स्टेशन ऑफिसर, वैशाली गाज़ियाबाद) द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को अग्नि सुरक्षा उपकरणों के प्रयोग, आग लगने की स्थिति में बचाव के तरीके तथा तुरंत की जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को फायर ट्रक का लाइव डेमो भी दिखाया गया, जिसमें उन्हें आग बुझाने की प्रक्रिया और फायर ब्रिगेड के कार्य करने के तरीके को नजदीक से समझने का अवसर मिला। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक कार्यशाला में भाग लिया और फायर सेफ्टी के महत्त्व को समझा। इस आयोजन ने न केवल बच्चों में जागरूकता बढ़ाई, बल्कि उन्हें आपात स्थिति में आत्म-सुरक्षा के लिए सक्षम भी बनाया।

# महिला को बातों में उलझाकर गहने ठग ले गए टप्पेबाज

● जर्नी ऑफ सक्सैस


**गाजियाबाद।** नंदग्राम थानाक्षेत्र के राजनगर एक्सटेंशन में टप्पेबाज महिला को बातों में उलझाकर उसके गहने उतरवाकर फरार हो गए। ठगों ने गले का मंगलसूत्र, कानों के कुंडल और बालियां उतरवाकर अपने रुमाल में रख लिए और बदले में धूल से भरा रुमाल और नकली नोटों की गड्डी महिला के बैग में डालकर फरार हो गए। नंदग्राम पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नूरनगर सिहानी गांव में रहने वाली सरोजनी देवी का कहना है कि बीते सात अक्तूबर की दोपहर करीब दो बजे वह ऑफिसर सिटी-एक सोसाइटी में काम करने सोसायटी जा रही थीं। इसी दौरान सर्विस रोड पर दो अज्ञात युवक उनसे मिले और मेरठ जाने का रास्ता पूछा। रास्ता न पता होने का हवाला देने पर भी दोनों युवक उनके साथ-साथ पैदल चलने लगे।

थोड़ी दूर चलने के बाद एक युवक ने उन्हें दीदी कहकर पुकारा और बातों में उलझा लिया। इसके बाद दोनों ने उन्हें विश्वास में लेकर उनके कानों के कुंडल, गले का मंगलसूत्र और कानों की बालियां उतरवाकर अपने रुमाल में रख लीं। इसके बाद आरोपियों ने उन्होंने एक रुमाल मुी में बंद कर दे दिया तथा साथ ही उनके बैग में एक कागज की गड्डी रख दी, जिसके ऊपर दस रुपये का एक नोट चिपका हुआ था। सरोजनी के मुताबिक उन्हें लगा कि गहने सुरक्षित हैं, लेकिन कुछ दूर जाकर उन्होंने रुमाल खोला तो उसमें सिर्फ धूल निकली। इस बीच दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए।

# मेवाड़ में बीबीए की कार्यशाला आयोजित

## वित्तीय व्यवस्था के बारे में विद्यार्थियों दी गई जानकारी



● जर्नी ऑफ सक्सैस

**गाजियाबाद।** वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के बीबीए विभाग ने छात्रों में वित्तीय साक्षरता और निवेश जागरूकता को बढ़ावा देने के मकसद से युवा मस्तिष्क के लिए वित्तीय स्वतंत्रता विषय पर कार्यशाला का आयोजन विवेकानंद हॉल में किया। यह कार्यक्रम भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के सहयोग से हुआ। सेबी संस्था की प्रोफेशनल ट्रेनर हिमानी लाठ मुख्य वक्ता थीं। उन्होंने छात्रों को वित्तीय योजना, निवेश के महत्त्व और सुरक्षित ट्रेडिंग की मूल बातें सरल शब्दों में समझाईं।

उन्होंने बताया कि यदि युवा अवस्था में वित्तीय अनुशासन विकसित किया जाए तो जीवनभर आर्थिक स्वतंत्रता संभव है। उन्होंने शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड्स और वित्तीय सुरक्षा के व्यावहारिक पहलुओं पर रोचक जानकारी दी। इस अवसर पर मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशक डॉ. अलका अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि भविष्य के व्यावसायिक नेताओं के लिए वित्तीय साक्षरता अत्यंत आवश्यक है।

हर छात्र को जिम्मेदार वित्तीय आदतें अपनानी चाहिए ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। डॉ. अलका अग्रवाल और बीबीए विभाग के प्रभारी पंकज कुमार सिंह ने हिमानी लाठ का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन सानिया ने पूरे आत्मविश्वास के साथ किया। समापन अवसर पर बीबीए के शिक्षक धरमवीर ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यशाला को छात्रों से उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया मिली। उन्होंने वक्ता से अनेक प्रश्न पूछे और वित्तीय ज्ञान में गहरी रुचि दिखाई।